


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी




 Web Site: www.janjanjagran.com झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित झांसी, मंगलवार 19 जुलाई 2022 वर्ष-10 अंक-359 पृष्ठ- 08 मूल्य 3 रुपए 

## ब्रीफ न्यूज

### नूपुर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई, गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की

**नई दिल्ली।** पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। पैगंबर को लेकर विवादित बयान देने पर नूपुर के खिलाफ कई जगह एफआईआर दर्ज हुई हैं। नूपुर ने सभी एफआईआर को क्लब करने का निर्देश देने की भी मांग की है।

### शिवसेना के नए नेता चुने गए एकनाथ शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री की कुर्सी के बाद अब शिवसेना पर घमासान तेज हो गया है। बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे ने सोमवार को अपने समर्थक विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें पार्टी की पुरानी राष्ट्रीय कार्यकारिणी भंग कर दी गई। शिंदे गुट ने इसके साथ ही नई कार्यकारिणी का ऐलान भी कर दिया। इसमें उद्धव ठाकरे को हटाकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शिवसेना का नया नेता चुन लिया गया है।

### केरल में मंकीपॉक्स का एक और कन्फर्म केस मिला

**केरल।** केरल में मंकीपॉक्स का एक और कन्फर्म केस मिला है। राज्य की हेल्थ मिनिस्टर वीना जॉर्ज ने बताया की कन्नूर जिले का 31 साल का व्यक्ति टेस्ट में पॉजिटिव मिला है। वह 13 जुलाई को दुबई से लौटा है। उसकी तबीयत अभी ठीक है। उसके संपर्क में आए लोगों पर नजर रखी जा रही है। मालूम हो कि चार दिन पहले यूएई से केरल लौटा एक व्यक्ति मंकीपॉक्स टेस्ट में पॉजिटिव निकला था। केंद्र सरकार की एक टीम राज्य के हेल्थ अमले की मदद के लिए केरल पहुंच गई है।

### नीट परीक्षा-सख्ती के नाम पर छात्राओं के अंतर्वस्त्र उतरवाए, केस दर्ज

**कोल्लम।** देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा नीट (नेशनल एलेजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) के दौरान केरल के कोल्लम से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां सख्ती के नाम पर छात्राओं के अंतर्वस्त्र (अंडरगारमेंट्स) तक उतरवा दिए गए। इस संबंध में छात्राओं के परिजनों ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। हालांकि मोर्थम इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नॉलेजी ने इस घटना से इनकार किया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।
वहीं दूसरी तरफ कोटा के मोदी कॉलेज सेंटर पर चार मुस्लिम छात्राएं हिजाब पहनकर पहुंचीं। इन्हें गेट पर पुलिस वालों ने रोक लिया। छात्राएं ने हिजाब हटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने समझाया और ड्रेसकोड का हवाला दिया।

### ब्रह्मोस मिसाइल के बाद अब फिलिपींस लेना चाहता है एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर

**नई दिल्ली।** फिलिपींस ने कुछ माह पहले ही भारत में निर्मित दुनिया की सबसे घातक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के लिए डील की थी। फिलिपींस ने तीन बैटरीज खरीदी थी। जिसकी लागत करीब 375 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 3000 करोड़ रुपये है। लेकिन अब फिलिपींस हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा बने आधुनिक हल्के हेलिकॉप्टर खरीदने की योजना बना रहा है। फिलिपींस कितने एएलएच खरीदेगा, इसका खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन बताया जा रहा है कि फिलींपीस सात हेलिकॉप्टर का एक बैच वह लेगा ही। क्योंकि उसे अपने पुराने हेलिकॉप्टरों की फ्लीट को बदलना है।

---

**राष्ट्रपति चुनाव के लिए समाप्त हुआ मतदान | संसद में कुल 99.18 प्रतिशत हुई वोटिंग**

# पीएम मोदी सहित मंत्रियों और सांसदों ने की वोटिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए चुनाव हुए। सोमवार शाम को मतदान समाप्त हो गए हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कई सांसद और केंद्रीय मंत्री वोट डाला। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और विधायकों ने भी मतदान किया। राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू और विपक्ष के प्रत्याशी यशवंत सिन्हा के बीच मुकाबला है। वोटों का गणित देखे तो द्रौपदी मुर्मू की जीत पक्की मानी जा रही है। अगर द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनती हैं तो वह आदिवासी समुदाय की देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली पहली शख्सियत होंगी। मतदान के बाद सभी राज्यों से मत पेटियां दिल्ली लाई जाएंगी और 21 जुलाई को वोटों की गिनती के बाद देश के नए राष्ट्रपति के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।




मतदान के बाद जाते हुए पीएम मोदी।

### संसद में 99.18 प्रतिशत हुआ मतदान

मुख्य रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि देश में हर जगह शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण ढंग से राष्ट्रपति के लिए वोटिंग हुई। संसद में कुल 99.18 प्रतिशत मतदान हुआ।

### शिरोमणि अकाली दल के विधायक ने किया चुनाव बहिष्कार

शिरोमणि अकाली दल के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने राष्ट्रपति चुनाव का बहिष्कार किया। पंजाब से संबंधित मुद्दे अनसुलझे हैं और एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला करने से पहले उनकी पार्टी नेतृत्व ने उनसे सलाह नहीं ली थी।



### आदिवासी बेटी बनेगी भारत की राष्ट्रपति: शिवराज सिंह चौहान

मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज मध्य प्रदेश में हमारे विधायक राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग कर रहे हैं। एक आदिवासी बेटी... भारत की बेटी राष्ट्रपति बनेंगी।



### सीएम योगी ने डाला वोट

राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए विधान भवन के तिलक हाल में सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ। पहला वोट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डाला। उनके साथ मतदान करने आए संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भी वोट डाला।

---

**मुख्यमंत्री योगी बोले | आजादी के अमृत महोत्सव पर**

# प्रदेश में फहराए जाएंगे तीन करोड़ 18 लाख तिरंगे



**एजेंसी, लखनऊ**

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाना है। प्रदेश सरकार ने 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी के साथ हुई वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों का ब्योरा साझा किया। बताया कि प्रदेशभर में तीन करोड़ 18 लाख तिरंगे फहराए जाएंगे। अपने सरकारी आवास पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आजादी के अमृत महोत्सव के विजन को देश में उत्साह और उमंग के साथ पूरा किया जा रहा है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रदेश में कुल तीन करोड़ 18 लाख तिरंगे फहराए जाएंगे। 31 जुलाई, 2022 तक जिला मुख्यालय तक झंडे भेज दिए जाएंगे।

### दो करोड़ 68 लाख तिरंगे आवासीय भवनों में लगाए जाएंगे

तिरंगा वितरण केंद्रों में सभी विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। दो करोड़ 68 लाख तिरंगे आवासीय भवनों में लगाए जाएंगे, 50 लाख तिरंगों को सरकारी कार्यालयों, गैर-सरकारी कार्यालयों और अन्य वाणिज्यिक संस्थानों में फहराया जाएगा। एक झंडा गीत जयघोष प्रदेश ने तैयार किया है।

### हर घर तिरंगा फहराया जाएगा

इसके अलावा केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी भव्यता के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा दो करोड़ झंडों की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। एक करोड़ 18 लाख तिरंगे स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ, निजी सिलाई केंद्रों आदि के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। इन्हें विकासखंडों के स्टोर में रखा जा रहा है।

---

**एमपी में इंदौर के पास खलघाट में हादसा | उफनती नर्मदा में गिरी बस...**

# अब तक 13 लोगों के शव बरामद हुए, तलाशी जारी

**एजेंसी, धार/धामनोद**



मध्यप्रदेश के धार जिले के खलघाट में सोमवार सुबह महाराष्ट्र रोडवेज की बस नर्मदा नदी में जा गिरी। इसमें 40 यात्री सवार थे। अब तक 13 लोगों के शव बरामद हुए हैं। बाकी लोगों की तलाश की जा रही है। हादसा सुबह 10 और 10.15 बजे के बीच हुआ। बताया जा रहा है कि खलघाट में टू-लेन पुल पर एक वाहन को ओवरटेक करते समय बस बेकाबू हो गई।

---

**महान साधक एवं प्रेरणास्रोत पूज्य दद्दाजी की 98 वीं जयंती पर अनेक कार्यक्रम**

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने किया विविध शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न

**सतना/छतरपुर/नई दिल्ली/महोबा।** आज महान साधक, समाज सुधारक और राष्ट्र सेवक पं. गणेश प्रसाद मिश्र की 98 वीं जयंती है। धरती पर बिरले ही ऐसे व्यक्तित्व का अवतरण होता है, जिससे वह क्षेत्र धन्य हो जाता है। ऐसे ही व्यक्तित्व पं. गणेश मिश्र प्रसाद (दद्दाजी) का जन्म भारत के हृदयप्रदेश मध्य प्रदेश में नौगांव नगर के निकट धवर्रा गांव में 18 जुलाई 1924 हुआ था। उन्होंने अपने कर्म, साधना और सोच से समाज और आने वाली पीढ़ी को नई दृष्टि और दिशा दिखाई। उनका उनका जीवन तपस्वी का था, उनका कार्य समाज के लिए एक दिशा है तो उनकी दृष्टि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

शेष पृष्ठ 05 पर...

---

**सुप्रीम कोर्ट का राज्यों को निर्देश**

# बिना समय बर्बाद किए कोरोना पीड़ितों के परिवार को मुआवजा दें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में कोरोना मामलों में उतार-चढ़ान जारी है। बीते दिन रविवार को देश में कोरोना के 13,299 नए मामले सामने आए, जबकि 19 मरीजों की मौत हो गई। अच्छी बात यह है कि बीते दिन 12,615 मरीजों की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई। अगर कोरोना के एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की बात करें तो बीते दिन 665 मरीज बढ़ गए। फिलहाल देश में एक्टिव केस की संख्या 1 लाख 42 हजार 660 है। शनिवार को देश में 16,478 नए केस सामने आए थे, जबकि 31 मरीजों की मौत हो गई थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सभी राज्यों को बिना समय बर्बाद किए कोरोना पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

---

**संसद का मानसून सत्र | महंगाई को लेकर राज्यसभा में हंगामा**

# दोनों सदनों की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हुआ। लोकसभा में स्पीकर ओम बिड़ला ने सदन की कार्रवाई शुरू करने से पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग के लिए सभा दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बाद में लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार यानी 19 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले राज्य सभा और लोकसभा में आए नए सांसदों को शपथ दिलाई गई। वहीं, राज्यसभा में सत्र शुरू होने के करीब एक घंटे के अंदर ही विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा कर दिया।

### मोदी बोले, गर्मी कम होगी या नहीं, देखेंगे

मानसून सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बाहर का तापमान कम नहीं हो रहा है, सदन में गर्मी कम होगी या नहीं, देखेंगे। मोदी ने संसद को तीर्थ क्षेत्र की संज्ञा दी है। संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार का सदन का सत्र इसलिए महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहा है और देश को नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का मार्गदर्शन मिलेगा।

---

**योगी सरकार ने किया फैसला**

# मदरसों में अब केवल टीईटी पास टीचर ही पढ़ा सकेंगे

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मदरसा आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत अब टीईटी पास शिक्षकों को ही मदरसों में शिक्षक के तौर पर भर्ती करने की तैयारी की है। भर्ती के लिए नियमावली में अब जल्द संशोधन किया जाएगा। सरकार मदरसों में दीनी तालीम कम कर हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों पर फोकस करेगी। सरकार ने निर्णय लिया है कि मदरसों में अब 20 फीसदी दीनी शिक्षा और 80 फीसदी आधुनिक शिक्षा कराई जाएगी। आलिया स्तर की मदरसों में एक शिक्षक रहेगा, कक्षा 5 तक के मदरसों में 4 शिक्षक रहेंगे, कक्षा 6 से 8 तक में 2 और कक्षा 9 और 10 स्तर के मदरसों में 3 शिक्षक मॉडर्न एजुकेशन पढ़ाने के लिए रखे जाएंगे। शिक्षकों की भर्ती के लिए टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) लिया जाएगा इसके बाद वह पढ़ा सकेंगे।

---

**जम्मू-कश्मीर के पुंछ में ग्रेनेड ब्लास्ट**

# सेना के कैप्टन और जेसीओ शहीद, 6 जवान जख्मी

**एजेंसी, श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में ग्रेनेड ब्लास्ट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। उनकी पहचान कैप्टन आनंद और जूनियर कमीशंड ऑफिसर भगवान सिंह के रूप में हुई है। वहीं, 6 अन्य जवान घायल हुए हैं। ग्रेनेड विस्फोट कैसे हुआ, कोर्ट ने इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं। सेना के अधिकारिओं ने बताया कि रविवार रात सैनिक मेंढर सेक्टर में एलओसी पर अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान विस्फोट हो गया। सभी घायलों को एयरलिफ्ट कर तुरंत उधमपुर ले जाया गया।

### आतंकियों ने नाका पार्टी पर बरसाई गोलियां

इससे पहले रविवार को पुलवामा के गंगू क्रॉसिंग के पास एक चेक पोस्ट पर आतंकियों ने हमला कर दिया। फायरिंग के दौरान यहां पुलिस और सीआरपीएफ के जवान तैनात थे। घटना में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया, जिसकी पहचान एएसआई विनोद कुमार के रूप में हुई है।

---

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जगदीप धनखड़ का नामांकन



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी उनके साथ मौजूद थे। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत भाजपा के कई और सीनियर नेता इस मौके पर नजर आए। यही नहीं एनडीए की ओर से इस मौके पर एकता का भी इजहार किया गया। नामांकन के मौके पर अपना दल की नेता अनुप्रिया पटेल और रिपब्लिकन पार्टी के नेता रामदास आठवले भी पहुंचे थे। इस तरह भाजपा ने उपराष्ट्रपति के लिए धनखड़ के नामांकन के मौके पर शक्ति प्रदर्शन भी किया। ही भाजपा की ओर से जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया गया था। वह फिलहाल बंगाल के गवर्नर हैं और राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं।

---

**देश के कई राज्यों में बारिश से हाहाकार | ओडिशा में लैंडस्लाइड**

# जम्मू से लेकर केरल तक बाढ़ से हालात खराब

**एजेंसी, नई दिल्ली/भोपाल**



महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में हो रही लगातार बारिश से हालात खराब हो चुके हैं। रविवार को ओडिशा के गजपति जिले में मूसलाधार बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुआ। भोपाल में रविवार को रुक-रुककर लगातार बारिश हुई, जिसके चलते कई इलाकों में पानी भर गया। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में भारी बारिश के बाद गंगरेल बांध के सभी 14 गेट खोल दिए गए। गुजरात के अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके में देखते ही देखते एक सड़क धंस गई। सड़क धंसने के बाद वहां एक गड्ढा बन गया। वहीं महाराष्ट्र में 1 जून से लेकर अब तक 104 लोगों की मौत हो चुकी है। केरल में भारी बारिश के चलते छह बांधों का जलस्तर बढ़ गया है।

### भोपाल-नागपुर हाईवे पर पुल बहा, तवा के गेट फिर खुले

मध्यप्रदेश के ज्यादातर शहरों में लगातार भारी बारिश से नदियां उफनाई हुई हैं। निचले इलाकों में बाढ़ के हालात बनने लगे हैं। बैतूल, पिपरिया और पचमढ़ी के ऊंचे इलाकों में हो रही भारी बारिश की वजह से तवा डैम के गेट इस सीजन में दूसरी बार खोलने पड़े। राज्य के कई जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं भोपाल में सुबह से लेकर देर रात तक रुक-रुककर बारिश होती रही। भोपाल-नागपुर नेशनल हाईवे-69 पर नवनिर्मित सुखतवा पुल का एक हिस्सा बह गया। देर रात आंधी-पानी ने इटारसी शहर में बाढ़ के हालात बना दिए हैं।

### उत्तराखंड के 13 जिलों में रेड अलर्ट

उत्तराखंड के लिए अगले चार दिन भारी हो सकते हैं। मौसम विभाग ने राज्य में 19 और 20 जुलाई को भारी से बहुत भारी का अलर्ट जारी किया है। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, उधमसिंह नगर और हरिद्वार सहित प्रदेश के 13 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। पुष्कर जिलाधिकारियों को एतिहात बरतने के निर्देश दिए हैं। वहीं, बारिश की चेतानवी के बाद उन इलाकों में लैंडस्लाइड का भी खतरा मंडराने लगा है।

» न्यूज कैप्सूल »

## एबीएसए ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**श्रीनगर।** विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम ढिकवाहा के प्राथमिक व जूनियर स्कूलों में एबीएसए ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में मिड डे मील को चेक किया साथ ही मिड डे मील की गुणवत्ता को सही कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने मिड डे मील की शिकायत कुछ दिन पूर्व उच्च अधिकारियों से की थी। जिस पर एबीएसए गौरव शुक्ला ने प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर मिड डे मिल को चेक किया व ग्रामीणों को बुला करके उनकी शिकायत का निराकरण किया। साथ ही प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ममता देवी को मिड-डे-मील की गुणवत्ता के सही करने के निर्देश दिए। विद्यालय स्टाफ को बच्चो की पढ़ाई लिखाई पर सही से कराने के निर्देष दिये। एबीएसए गौरव शुक्ला ने बताया कि मिड डे मील की शिकायत पहुंची थी, जिसको लेकर के विद्यालय पहुंचकर जांच की गई। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजकर आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## ग्राम उदोतपुरा से अपनी निजी कार से औरैय्या जा परिवार हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**जालौन।** स्टेरिंग फेल हो जाने के कारण कार खड़े ट्रक में घुसी। जिसमें उसमें सवार चार लोग हुये घायल।सभी घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी प्रयाग सिंह पुत्र लाखन सिंह चौहान उम्र लगभग पचपन वर्ष उनकी पत्नी राजकुमारी उम्र लगभग 48 बर्ष उनका पुत्र प्रदीप उम्र लगभग 28 वर्ष व पुत्री सोनिया उम्र लगभग 16 वर्ष सभी अपनी कार से अपने रिश्तेदार को देखने जा रहे थे ।सहाव मोड़ से आगे बने ढाबा के पास पहले से खड़े ट्रक में उनकी कार की टक्कर हो गई जिससे प्रयाग सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए तथा उनकी पत्नी को भी चोट आई। वही पुत्र प्रदीप व बेटी सोनिया को हल्की चोटें आई ।गाड़ी चला रहे प्रदीप से जब दुर्घटना का कारण पूछा तो प्रदीप ने बताया की उसकी कार की स्टेयरिंग जाम होने की वजह से गाड़ी खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। जब तक ब्रेक लगाते तक तक गाड़ी ट्रक से टकरा चुकी थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन व स्थानीय लोग मौके पर पहुँचे। और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाए। जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है।

## ईंटा गुम्मा के ट्रेक्टरो से नगर पालिका के नाम पर हो रही बसूली

**जालौन।** चुंगी नंबर चार पर खड़े ईट गुम्मा के ट्रैक्टरों से नगरपालिका के नाम पर कुछ सफेदपोश नेता जमकर कर रहे अवैध वसूली ।इतना ही नहीं उन्हे नगरपालिका की रसीद भी दी जा रही है। चुंगी नंबर 4 पर अपनी जीवन यापन कर रहे कुछ ट्रेक्टर चालक ईटा गुम्मा औरय्या आदि से लाद कर चुंगी पर खड़े हो जाते हैं ।और वहां से ग्रामीण तथा नगर के ग्राहक कम दामो मे खरीद ले जाते है ।इतना ही नही ये ट्रेक्टर चालक ग्राहको के घर पर जाकर ईटा उतारे जाते हैं ।लेकिन उन लोगो से चुंगी कुछ सफेदपोश नेताओं द्वारा नगरपालिका की आड़ पर जमकर बसूली की जा रही है ।और नगर पालिका की रशीद भी दी जा रही है ।जबकि अभी कोई भी इस प्रकार की बसूली किये जाने का ठेका नही उठा हैं। फिर किसकी शह पर इस प्रकार की अवैध बसूली की जा रही है।

## पीड़ित ने गुम हुई महिला की शिकायत जालौन पुलिस से की

**उरई ( जालौन )।** श्यामबाबू पुत्र मनीराम निवासी ग्राम पहाड़पुरा थाना कोतवाली जालौन ने सोमवार को जालौन पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया है कि हमारी पुत्री बंदना देवी उम्र करीब 21 वर्ष जिसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार बाबूराम पुत्र सुंदरलाल ग्राम बरही थाना कोतवाली कालपी के साथ वर्ष 2020 में हुआ था विवाह के अवसर पर प्रार्थी ने दान दहेज दिया था 28/ 5 /2022 को अपनी पुत्री बंदना देवी को अपनी ससुराल बरही से लिवा आया था जब से वंदना देवी ग्राम पहाड़पुरा थाना जालौन में प्रार्थी के घर पर रह रही थी दिनांक 17 /07/20 22 को समय करीब 6=00 बजे घर से लापता हो गई है प्रार्थी काम से जब घर वापस आया तो पता चला कि वंदना कहीं चली गई है जिसकी खोज प्रार्थी ने कई जगह किया व रिश्तेदारों में भी पता किया लेकिन बंदना का कहीं पता नहीं चला पुलिस ने बताया है कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही जांच पड़ताल कर पता लगाया जाएगा

## झांसी मंडी के अवर अभियंता ने शिकायत पर मंडी का किया निरीक्षण

**जालौन।** आंधी में सब्जी मंडी की दुकान में लगे टीन सेट उड जाने तथा व्यापारियों और किसानों के लिए ठंडा पानी पीने की व्यवस्था ना होने दुकानों के फर्श और बरसात के पानी की निकासी ना होने आदि की तमाम समस्याओं की शिकायत पर झांसी मंडी परिषद के अवर अभियंता ने मौके पर आकर किया निरीक्षण। जल्द समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन ।बागबान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक सहित तमाम व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था। कि आंधी आने से हम व्यापारियों की दुकानों पर लगे टीन सैट उड गए ।इसके अलावा दुकानों के फर्श टूट गए। किसान तथा व्यापारियों के लिए पानी पीने के लिए ठंडा शीतल पानी की व्यवस्था तक नहीं है। इन तमाम समस्याओं की शिकायत किए जाने पर झांसी मंडी परिषद के अवर अभियंता आलोक द्विवेदी ने मौके पर आकर समस्याओं का निरीक्षण किया तथा दुकानों की नापतोल कर व्यापारियों से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना इसके बाद उन्होंने उनकी समस्याओं को जल्द निस्तारण की जाने का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## धूं-धूंकर जला विद्युत ट्रांसफार्मर, मचा हड़कंप

**राठ ।** आज दोपहर करीब 3 बजे रामलीला मैदान पूर्व सांसद के आवास के पास रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग के बाद आग लग गयी। कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर की केबिल आदि पूरी तरह जल गयी। ट्रांसफार्मर से आग की लपटें उठतीं देख मोहल्ले के लोगों में हडकम्प मच गया। मुख्य सडक किनारे रखे होने के कारण ट्रांसफार्मर को जलता देख लोगों की भीड जमा हो गयी। करीब आधा घंटे तक ट्रांसफार्मर धूं धूं करके जलता रहा। लेकिन इस बीच कोई भी विभागीय कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। मोहल्ले वासियों की सूचना पर काफी देर बाद पहुंचे विद्युत कर्मियों ने आग बुझाई। तब तक ट्रांसफार्मर बुरी तरह जल चुका था। ट्रांसफार्मर जलने के कारण अब मोहल्ले वासियों को कई घंटे भीषण गर्मी से जूझना पडेगा। जिससे लेकर लोगों में विभागीय अधिकारियों के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की खुदकुशी

**बाँदा** थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घर वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।मामला थाना क्षेत्र के बबेरू कस्बा के श्रंगार थोक का है। यहां का निवासी अमित चक्रवर्ती (28) ने अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने देखा। घर के लोग आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा था। कुछ ही देर बाद अमित की मौत हो गई ।डॉक्टर ने परिजनों को बताया तो कोहराम मच गया। डॉक्टर ने ही इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सीओ सत्य प्रकाश शर्मा व कोतवाल अरुण कुमार पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे ।उन्होंने परिजनों से बात करके जानकारी ली।

# प्रथम सोमवार को बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे शिवालय



**महोबा।** सावन के प्रथम सोमवार को षिव मन्दिरों में दर्षकों का रेला उमड पडा। सैकडों की संख्या में श्रृद्धालुओं ने विभिन्न षिवालयों में जाकर भगवान भूतनाथ की पूजा अर्चना कर अपनी व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वही कई स्थानों पर भक्तों द्वारा सवा लाख षिवलिंग का निर्माण करवाया जा रहा है। जिनकी पूजा अर्चना करने के बाद पवित्र जल में विसर्जित कर दिया जायेगा।

बता दे कि श्रावन मास भगवान भूतनाथ को अति प्रिय है। सावन माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से भगवान भोलेनाथ व पार्वती की कृपा भक्तों पर बरसती है और उनकी प्रत्येक मनोकामना पूर्ण होती है। इसलिये सावन के प्रथम सोमवार को मुख्यालय के विभिन्न षिवालयों कंठेष्वर महादेव मन्दिर, करिया पठवा, बलखण्डेष्वर मन्दिर व षिवताण्डव मन्दिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड उमड पडी। जहां उन्होने अपने परिजनों के साथ भगवान षिव को धतूरा, बेल पत्र चढा गंगा जल व दूध से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और अपने व अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वही भक्तों द्वारा जगह जगह षिवलिंग का निर्माण करवाया जा रहा है। जिनकी पूजा अर्चना करने के बाद पवित्र जल में विसर्जित कर दिया जायेगा। पौराणिक कथानुसार अमरपुर नगर में एक धनी व्यापारी रहता था। दूर-दूर तक उसका व्यापार फैला हुआ था। इतना सबकुछ होने पर भी वह व्यापारी अंतर्मन से बहुत दुखी था क्योंकि उस व्यापारी का कोई पुत्र नहीं था। दिन-रात उसे एक ही चिंता सताती रहती थी। उसकी मृत्यु के बाद उसके इतने बड़े व्यापार और धन-संपत्ति को कौन संभालेगा। पुत्र पाने की इच्छा से वह व्यापारी प्रति सोमवार भगवान शिव की व्रत-पूजा किया करता था।

उस व्यापारी की भक्ति देखकर एक दिन पार्वती ने भगवान शिव से कहा कि हे प्राणनाथ, यह व्यापारी आपका सच्चा भक्त है। कितने दिनों से यह सोमवार का व्रत और पूजा नियमित कर रहा है। भगवान, आप इस व्यापारी की मनोकामना अवश्य पूर्ण करें। पार्वती का इतना आग्रह देखकर भगवान शिव ने व्यापारी के स्वप्न में दर्शन देकर उसे पुत्र-प्राप्ति का वरदान दिया और उसके पुत्र के 16 वर्ष तक जीवित रहने की बात भी बताई। भगवान के वरदान से व्यापारी को खुशी तो हुई, लेकिन पुत्र की अल्पायु की चिंता ने उस खुशी को नष्ट कर दिय कुछ महीने पश्चात उसके घर अति सुंदर पुत्र उत्पन्न हुआ। पुत्र जन्म से व्यापारी के घर में खुशियां भर गईं। बहुत धूमधाम से पुत्र-जन्म का समारोह मनाया गया। विद्वान ब्राह्मणों ने उस पुत्र का नाम अमर रखा। जब अमर की आयु 16 वर्ष पूरी हुई तो उसने एक यज्ञ किया। यज्ञ की समाप्ति पर ब्राह्मणों को भोजन कराया और खूब अन्न, वस्त्र दान किए। रात को अमर अपने शयनकक्ष में सो गया। शिव के वरदान के अनुसार शयनावस्था में ही अमर के प्राण-पखेरू उड़ गए। उनके माता पिता के विलाप करने के स्वर समीप से गुजरते हुए भगवान शिव और माता पार्वती ने भी सुने। पार्वतीजी ने भगवान से कहा- श्प्राणनाथ! मुझसे इसके रोने के स्वर सहन नहीं हो रहे। आप इस व्यक्ति के कष्ट अवश्य दूर करें। भगवान शिव ने पार्वतीजी के साथ अदृश्य रूप में समीप जाकर अमर को देखा तो पार्वतीजी से बोले- श्पार्वती! यह तो उसी व्यापारी का पुत्र है। मैंने इसे 16 वर्ष की आयु का वरदान दिया था। इसकी आयु तो पूरी हो गई। पार्वतीजी के निवेदन पर भगवान शिव ने उस लड़के को जीवित होने का वरदान दिया और कुछ ही पल में वह जीवित होकर उठ बैठा।

## सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में लगा शिव भक्तों का ताता

**जालौन।** सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों पर शिव भक्तों का ताता लगा रहा। सुबह से नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शिवालयों में शिव जी के जयकारे गूंजे। भक्तों ने बेलपत्र धतूरा अकउआ के पुष्प, रोरी,चंदन,अक्षत आदि से पूजन कर गंगा जल, दूध,दही, और शहद से शिवजी का अभिषेक किया गया। घंटी घडियालो की ध्वनि से नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिर गूंज रहे थे। सावन के महीने में शिव आराधना करने का विशेष महत्व बताया जाता है। सावन का महीना शिव महीना के रूप में शिव भक्त मनाते हैं ।पूरे महीने शिव आराधना की जाती है ।तो वही सावन के महीने में पडने वाले सोमवार का भी विशेष महत्व है। सावन महीने में पडने वाला सोमवार को शिव आराधना के लिए विशेष आराधना के रूप में माना जाता है?। शिव भक्त सोमवार के दिन उपवास आदि रखकर विशेष रूप से शिव आराधना करते हैं?। हालांकि पूरे महीने शिव की आराधना की जाती है ।लेकिन सोमवार को विशेष रूप से शिवार्चन,अभिषेक आदि कर शिव की पूजा की जाती है ।सावन माह का प्रथम सोमवार को नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों पर शिव भक्तों द्वारा शिव की आराधना पूजा अर्चना की गई। पूरे दिन शिव मंदिरों पर शिव भक्तों का ताता लगा रहा। नगर के औरैया रोड स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के अलावा नगर के मोहल्लों में पेट्रोल पंप हनुमान जी के मंदिर के पास स्थित शिव मंदिर के अलावा प्रत्येक मोहल्लों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बनी शिव मंदिरों पर पूरे दिन शिव भक्तों का ताता लगा रहा। शिव भक्तों द्वारा शिवजी की पूजा अर्चना की गई। शिव भक्तों द्वारा बड़ी श्रद्धा और भाव से शिव की आराधना की गई। जय शिव के जयकारे पूरे दिन मंदिरों आदि मे

### सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**राठ।** सावन मास के पहले सोमवार पर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए आस्थावानों की भीड़ उमड़ी। सुबह ब्रहम बेला से आस्थावानों का शिव मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। ऐतिहासिक चौपरा मंदिर में भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों में सबसे ज्यादा भीड़ महिलाओं की रही। आस्थावानों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर बेलपत्र चढ़ा दूध से स्नान कराया और पूजा अर्चना की। इसी तरह से नगर के गायत्री मंदिर, बुधौलियाना मोहल्ला स्थित काली देवी मंदिर, सिकन्दरपुरा स्थित शीतला मंदिर, औड़ेरा रोड स्थित मरही माता मंदिर, शक्ति मंदिर आदि मंदिरों पर आस्थावानों ने पहुंच शिवलिंग का जलाभिषेक किया। सोमवार को व्रत रखने वाले लोगों ने शाम को अपने उपवास का पूजन कर भोजन ग्रहण किया।

## पेट्रोल पंपों पर नहीं मिल रही ग्राहकों को समुचित व्यवस्था, हवा पानी नदारद



**जालौन।** पेट्रोल पंप संचालक मानको की जमकर उडा रहे है धज्जियां। ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं की जमकर अनदेखी कर हवा, पानी,तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था न किये जाने से ग्राहको में रोष। ग्राहकों ने पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की जिलाधिकारी से की मांग

पेट्रोल पंपों पर इस समय जमकर धांधली देखी जा सकती है। घटतौली तो इनके सिस्टम में आ गया। जरा सी आंख अगर पलटी तो पेट्रोल डालने वाले कर्मचारी तुरंत ही ग्राहकों की जेब को कतरने में कोर कसर नहीं छोड़ते। इतना ही नहीं पेट्रोल पंपों पर मिलने वाली समुचित व्यवस्था मानकों के अनुरूप नहीं देखी जा सकती। शासन के अनुसार पेट्रोल पंपों पर ठंडा पानी हवा आदि की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश हैं। तथा शौचालय की भी समुचित व्यवस्था है। लेकिन ज्यादातर पेट्रोल पंप पर ना तो पानी उपलब्ध होगा और ना ही हवा?। अगर पानी उपलब्ध भी होगा तो वह ठंडा पानी नहीं मिलेगा। और हवा की समुचित व्यवस्था किसी भी सूरत में हो ही नहीं सकती। इस संबंध में जब पैट्रोल पंप संचालको से या मैनेजर से बात की जाती है। तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। ग्राहकों में इस बात को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ गहरा रोष पनप रहा है। मानकों के अनुरूप ग्राहको को दी जाने बाली समुचित व्यवस्था ग्राहको को न दिये जाने पर जांच करा कर ऐसे पैट्रोल पंपो को चिंहित कर उन पर कार्रवाई किए जाने की लोगों ने मांग उठाई।

## शिक्षण कार्य न होने से बच्चों का भविष्य है अंधकार में, अभिभावकों में रोष




**राठ।** प्राथमिक विद्यालयों में सुधार के लिए सरकार जहां अथक प्रयास में लगी है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है। तो जिनके सहारे विद्यालय संचालित है वहीं शिक्षक सरकार की योजनाओं और निर्देशों को ताख पर रखकर मानमाने ढंग से अपनी जिम्मेदारियों की औपचारिका पूरी करते हुए नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। सरीला तहसील क्षेत्र के हरसुंडी गांव का जहां ग्राम प्रधान सहित तमाम लोगों ने शिक्षकों के विद्यालय न पहुंचने की शिकायत खण्ड शिक्षाधिकारी से करते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की है। जुलाई का महीना है और शिक्षक कार्य की शुरुआत हो चुकी है विद्यालयों में बच्चों की चहल पहल दिखाई दे रही मगर सरीला क्षेत्र के ग्राम हरसुंडी के प्राथमिक विद्यालय का नजारा ही कुछ अलग दिखाई दिया। बच्चे तो समय से स्कूल पहुंचे मगर उन्हें शिक्षा देने वाले गुरुजनों का कहीं कोई पता नहीं था। स्कूल में बच्चे धमाल मचाये हुए थे और स्कूल वाउंड्री पर चढ़कर उछलकूंद मचाये थे। स्कूल का यह नजारा एक दिन होता तो कोई बात न थी मगर लगातार रोज ही जब ग्रामीणों ने यह हालात देखे तो इस बात की चर्चा ग्राम प्रधान से की और ग्रामीणों ने पता किया तो बच्चों ने बताया कि उनके मास्टर साहब नहीं आये हैं। अपने नौनिहालों के भविष्य को लेकर चिंतित अभिभावकों ने इस बात को गम्भीरता से लिया और पता किया तो मालूम हुआ कि यह कोई नई बात नहीं है गांव के स्कूल में बच्चे तो नियमित समय से पहुंचते हैं मगर शिक्षक अपनी मर्जी से विद्यालय पहुंच रहे है। ग्राम प्रधान जसीराम अहिरवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य कल्याण सिंह, विद्यालय अभिभावक समिति के सदस्य दुष्यंत, राजपाल, रामलखन, कल्लू, रविन्द्र, चंद्रशेखर, बृजचंद्र, रणविजय, राजेन्द्र कुमार, लालाराम, अजीत रामेश्वर आदि सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित 6 शिक्षकों की तैनाती हैं मगर विद्यालय का शिक्षक कार्य बेहद घटिया है। स्कूल में तैनात शिक्षक शरद चंद्र दीक्षित एवं धर्मेन्द्र सैनी नियमित समय से स्कूल पहुंचते है और पूरे स्कूल को सम्भालते है। प्रधानचार्य अलखराम सहित अन्य शिक्षक व शिक्षामित्र बेहद लापरवाह है और मानमाने ढंग से अपनी जिम्मेदारी की औपचारिकता मात्र कर रहे है। मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बच्चों को कभी भी दूध और फल नहीं दिये जाते जबकि इसका भुगतान दिखाया जाता है। शिक्षकों के विद्यालय न पहुंचने पर बच्चे स्कूल में धमाचौकड़ी मचाते है और पढ़ाई के स्थान पर खेलकूंद में अपना समय व्यतीत कर घर लौट आते है। स्कूल में मौजूद मात्र दो शिक्षक बच्चों को ही सम्भालने में पसीना बहाते रहते है। काफी दिनों से स्कूल का यह रवैया देखकर ग्रामीणों और अभिभावकों में जमकर रोष व्याप्त है और ग्राम प्रधान सहित सभी ने खण्ड शिक्षाधिकारी सरीला अजीत निगम से शिकायत कर लापरवाह शिक्षकों को गांव के स्कूल से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य इन शिक्षकों के कारण अंधकार में है। एबीएसए सरीला से बात करने पर उन्होंने कहा कि उक्त के सम्बंध शिकायत की गई है और वह मामले की गम्भीरता से जांच कर कार्यवाही करेंगे।

## दद्दा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते तथा भोजन वितरित करते

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने किया विविध शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न**



**महोबा।** महान साधक, समाज सुधारक और राष्ट्र सेवक पं. गणेश प्रसाद मिश्र की 98 वीं जयंती है। धरती पर बिरले ही ऐसे व्यक्तित्व का अवतरण होता है, जिससे वह क्षेत्र धन्य हो जाता है।

ऐसे ही व्यक्तित्व पं. गणेश मिश्र प्रसाद (दद्दाजी) का जन्म भारत के हृदयप्रदेश मध्य प्रदेश में नौगांव नगर के निकट धवर्रा गांव में 18 जुलाई 1924 हुआ था। उन्होंने अपने कर्म, साधना और सोच से समाज और आने वाली पीढ़ी को नई दृष्टि और दिशा दिखाई। उनका उनका जीवन तपस्वी का था, उनका कार्य समाज के लिए एक दिशा है तो उनकी दृष्टि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे और तृतीय वर्ष शिक्षित होकर आजीवन संघ के स्वयंसेवक रहे श्री मिश्र जैसे व्यक्तित्व बिरले ही मिलते हैं। शिक्षक के नाते अनेक संघ शिक्षा वर्गों में शिक्षक बनकर जाते रहे। पंश्री मिश्र ध्येय के प्रति समर्पित, दृढ़ निश्चयी व कठोर परिश्रमी रहे। जब लोग त्योहारों में प्रसन्नता मनाते, वे अपने कार्य में मौन रूप से लगे रहकर दीन-दुरूखियों के साथ सेवा में लगे रहते थे। समाज और राष्ट्र के लिए उनकर रहा है। उनकी जयंती पर कई स्थानों पर विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

लोहिया अस्पताल में मरीजों के बीच भोजन का वितरण किया गया। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के अपने सूत्रवाक्य को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मरीजों को भोजन देकर दद्दा जी के बताए मार्ग को साकार किया है। श्री विष्णु मित्तल प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली, राकेश वर्मा, डॉ. एच.जी हेमल (बाल कैंसर विशेषज्ञ) डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सहित अनेक लोग उपस्थित थे। आओ साथ चलें के कार्यकर्ता उपस्थित होकर पांच सौ मरीजों को भरपेट भोजन वितरित किए व पुण्य लाभ प्राप्त किये।

## जनसुनवाई पर आई शिकायतों का निस्तारण में लापरवाही ना बरतेः सीमा तोमर



**जालौन।** जनसुनवाई पर आई शिकायतों के निस्तारण पर किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें यह निर्देश जनसुनवाई दिवस की अध्यक्षता कर रही अधिषासी अधिकारी सीमा तोमर ने अपने अधीनस्थों को दिए। इस मौके पर मात्र दो शिकायतें दर्ज की गई। जिसे निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को सौंपा गया। सरकार की मंशा के अनुरूप नगर के लोगों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण किए जाने के लिए प्रत्येक सोमवार को नगर पालिका में जनसुनवाई दिवस का आयोजन किए जाने लगा है। जिसके तहत आज स्थानीय नगरपालिका के सभाकक्ष में जनसुनवाई दिवस का आयोजन अधिषासी अधिकारी सीमा तोमर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान मात्र 2 शिकायतें दर्ज की गई। दोनों शिकायतों को संबंधित कर्मचारियों को सौपते हुए उसे जल्द निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप नगर की समस्याओं का तुरंत निस्तारण किए जाने के लिए किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर एसबीएम प्रभारी रविंद्र सलूजा भी मौजूद रही।

## बम बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

**सावन के पहले सोमवार को लगी श्रृद्धालुओं की भीड़**



**बाँदा।** श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवालय बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे। भोर से ही भक्तों ने मंदिरों में जाकर दर्शन पूजन अर्चन कर पुण्यलाभ कमाया। खासतौर से सुप्रसिद्ध बामदेवेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं का खासा जमावडा रहा। इसी तरह संकटमोचन, महेश्वरी देवी , शिव मंदिरों समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं का मानना था कि सावन माह में पूजन चंदन वंदन से शिव कृपा पाने में कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे ।शहर के सुप्रसिद्ध बामदेवेश्वर मंदिर में यूं तो लगातार श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। लेकिन श्रावण मास भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए खास माह माना जाता है। जिससे यहां सावन भर भीड़ बढ जाती है। खास तौर से सोमवार को तो दर्शन पूजन के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है। पुजारी पुत्तन महाराज ने बताया कि पहले सोमवार को यहां भक्तों की खासी भीड़ रही। भोरकाल से लेकर देर रात तक यहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा ।श्रावण मास के पहले सोमवार को संकटमोचन मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड रही। यहां स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों ने जलाभिषेक करके पूजन चंदन वंदन कर बिल्ब पत्र चढाए ।खास बात यह है कि संकट मोचन महाराज में मंगलवार और शनिवार श्रद्धालुओं की खासी लाइन लगती है ।जिससे सोमवार को ज्यादातर श्रद्धालुओं ने जहां यहां के शिव मंदिर में पूजन किया। वहीं कल यानि मंगलवार को यहां जय श्रीराम के जयकारें गूंजेंगेशहर के सुप्रसिद्ध मां महेश्वरी देवी मंदिर में स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड रही। मुख्य चौराहा होने के कारण यहां पूजन सामाग्री सजाए दुकानदारों की चांदी नजर आई। तमाम लोगों खासतौर से यहां आने वाली महिलाओं का कहना था कि मंदिर के पास पूजन सामाग्री खासी मनमाने दामों में दी जाती है। कुछ भी हो सावन मास पर शहर के ज्यादातर शिवालयों में भोले के जयकारे गूंजते रहे।

## कन्हैया लाल सरस्वती शिशु मंदिर का प्रांत प्रचारक ने किया भूमि पूजन व शिलान्यास





**टोड़ीफतेहपुर ( झांसी )।** नगर के नई माता मंदिर के पास नजरगंज मोहल्ले में सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर कन्हैया लाल सरस्वती शिशु मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक श्री राम जी के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामस्वरूप मिश्रा जिला मंत्री जनशिक्षा समिति ने की तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखंड जी विभाग प्रचारक व विद्याभारती संभाग निरीक्षक रामप्रसाद जी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इससे पहले मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक श्री राम जी का शाल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर कन्हैया लाल सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक अनिरुद्ध तिवारी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शशिकांत जी जिला कार्यवाह लखन जी जिला शारीरिक प्रमुख के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक विद्यालय स्टाफ व बच्चे आदि उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

» न्यूज कैप्सूल »

## कच्ची शराब बेचते हुए 3 महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**मऊरानीपुर।** अवैध रूप से कच्ची शराब बेचते हुए 3 महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार आबकारी निरीक्षक ने बताया गया की ग्राम पृथ्वीपुर स्यावरी के मंदिर के पास स्थित पेड़ के नीचे अवैध रूप से कच्ची शराब बेचते हुए शिमलापुर कबूतरा डेरा निवासी मिथिलेश पत्नी सुरेश, वर्षा पत्नी रितु कुमार एवं सपना पत्नी रिंकू कबूतरा को 150 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज किया।

## समाजसेवियों की बैठक हुई

**मऊरानीपुर।** परवारीपुरा नई बस्ती में मोहल्ला वासियों एवं समाजसेवियों की एक बैठक हुई। जिसमें शिव मंदिर निर्माण कराए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। शिव मंदिर के निर्माण का कार्य 3 अगस्त को भूमि पूजन करने के पश्चात निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बैठक में दिनेश पांडे, अनिल मिश्रा, धनीराम, आलोक तिवारी, प्रमोद बादल, दीपक, सिद्धार्थ सिंह, राजू राय, अनूज शर्मा, बलबीर राय, निकेश सक्सेना, मनोहर गुप्ता, गोकुल भास्कर सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## शनिवार से विद्यालय जाते समय लापता हुए छात्र घर वापसा आया

**मऊरानीपुर।** शनिवार की सुबह घर से विद्यालय जाते समय लापता हुए छात्र अपने घर वापस आया। जानकारी के अनुसार गांधी गंज मऊरानीपुर निवासी अवधेश कुशवाहा का 17 वर्षीय पुत्र हर्षित सेंड मैरिज कॉलेज में पढ़ता है। वह शनिवार को सुबह विद्यालय जाने की बात कहकर गया था। और लापता हो गया शाम तक छात्र ना मिलने पर उसके पिता द्वारा कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ अपहरण कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लापता हुआ छात्र जब घर वापस आ गया तो उसके पिता उसे लेकर कोतवाली सूचना देने आए। छात्र हर्षित ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर वालों से नाराज होकर घर से चला गया था।

## दंबगों ने घर में घुसकर 4 लोगों की मारपीट

**मऊरानीपुर।** घर में घुसकर 4 लोगों द्वारा एक युवक व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम टोड़ी फतेहपुर निवासी कदीर खान पुत्र सुवान खान ने थाना टोड़ी फतेहपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शाम के समय उसका पुत्र अपनी पंचर बनाने की दुकान पर बैठा था। तभी गांव के ही रितेश लोधी, विजय ढीमर, मनोज कुशवाहा व एक अज्ञात व्यक्ति आए और मारपीट कर दी। तो उसका पुत्र जान बचाकर घर भागा तो उक्त लोग उसका पीछा करते हुए घर पर पहुंच गए। और घर में घुसकर पुत्र व उसकी पत्नी अनीशा बानो की मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया

## चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये आपे मे मारीटक्कर

मऊरानीपुर। अज्ञात आपे चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मारकर घायल कर देने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ागांव निवासी वनमाली श्रीवास पुत्र भगुंते ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 जुलाई की दोपहर 1ः00 वह अपने पुत्र हेमंत के साथ बाइक से ग्राम बड़ा गांव जा रहा था। तभी हाईवे पर स्थित शक्कर मील के पास सामने से आ रही आपे क्रमांक यूपी 93 एटी 1914 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने अज्ञात आपे टैक्सी चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 427 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

## जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक एवं युवती की हालत बिगड़ी

**मऊरानीपुर।** जहरीले पदार्थ के सेवन से एक युवक एवं एक युवती की हालत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार कल्लू पुत्र भगवानदास निवासी नई बस्ती मऊरानीपुर एवं भारती पुत्री मंजू निवासी ग्राम इटायल थाना लहचूरा को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। बताया गया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से दोनों की हालत बिगड़ गई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज झांसी भेज दिया।

## भोले शंकर बलखण्डेश्वर व बाबा मंशानाथ का किया रूद्राभिषेक

**झाँसी।** प्राचीन सूर्यमुखी सैंयर पहाड़ पर स्थित श्री पंचदंश नाम जूना अखाड़ा नागा सन्यासी आश्रम बलखण्डेश्वर बूढ़े महादेव धाम व सूर्यमुखी चोटी पहाड़ पर स्थित बाबा मंशानाथ का शिव भक्तों द्वारा भोर पहर को श्रावण मास के पहले सोमवार को ओम नमःशिवाय का महामंत्र जाप व हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से सूर्यमुखी पहाड़ गूंज उठा।शिवभक्तों ने मंत्रोच्चारण कर भोलेनाथ बलखण्डेश्वर व बाबा मंशानाथ का जलाभिषेक,रूद्राभिषेक कर बेलपत्र.शमी पत्ती, शहद, चीनी, दूध ,दही ,घी ,पंचामृत से अभिषेक किया और भव्य मनोहारी श्रंगार पूजा अर्चन महाआरती कर सुख समृद्धि की कामना की । भोलेशंकर का प्रसाद वितरण किया गया जो कि भक्तगणों ने श्रद्धापूर्वक गहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।इस अवसर पर धाम के महन्त योगी आनन्द गिरि महाराज नागा फक्कड बाबा,तपस्वी,अंजनी गिरिमहाराज नागा बाबा, श्रीराम गिरि महाराज अलख प्रसाद दुबे, विजय मुखिया , मलखान सिंह, राजकुमार राजू यादव, श्रीमती रेखा यादव प्रधान सैयर, कामता प्रसाद यादव ,धर्मेन्द्र भोला,बी0आर0 निषाद पत्रकार बाबा बट्टा गुरू, राजकुमार ध्वानी, मनोज वर्मा, किशन सिंह पहलवान , सुन्दर लाल प्रजापति ,शेरसिंह शेरा, नन्दराम , शाकूराम आदि शिव भक्तगणों ने श्रावण मास के पहले सोमवार को पूजा अर्चना अभिषेक कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

## किशोरी के अपहरण के आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त

**झांसी।** बहला फुसलाकर कर किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र प्रभारी सत्र न्यायाधीश शक्तिपुत्र तोमर द्वारा निरस्त कर दिया गया। जिला शासकीय अधिवक्ता मृदुल कान्त श्रीवास्तव के अनुसार वादी मुकदमा ने 07 मई 2022 को थाना सीपरी बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष को सोनू कुशवाहा 05 मई को समय करीब 12 बजे दिन में अपने साथ भगा ले गया जिसकी जानकारी सोनू कुशवाहा के दोस्तों को है। सोनू कुशवाहा पुत्र पूरन कुशवाहा निवासी बाहर बड़ागाँव गेट शमशान के पीछे के खिलाफ धारा 363,366 भा0द0सं0के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अभियुक्त सोनू कुशवाहा की ओर प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई उपरांत पर्याप्त आधार नहीं पाते हुए न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया।

# जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक




**गुरसराय।** भूजल सप्ताह के चलते के सी जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो ने श्लोगन के माध्यम से भूजल की अधिक से अधिक बचत करना का जन संदेश दिया जिससे आने वाली पीढ़ी जल की बचत करना सीखें।

सामाजिक संस्था प्रगति विचार धारा फाउंडेशन की पहल पर विभिन्न स्कुलो में भूजल सप्ताह पर्व मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज विद्यालय में प्रधानचार्य राजेश मसीह एव गीतिका दुवेदी के संयोजन में विद्यालय की महक वर्मा, स्नेहा उपाध्याय, आराध्या, हर्षिता, नीशू, मनु, अमित यादव, संगीता पटेल, संगम यादव, भुबनेंद्र आदि ने अभियान चलाकर बच्चो को जल के संरक्षण, संचयन एवं संवर्धन तथा विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस दौरान कहा कि वर्षा जल संरक्षण की जिम्मेदारी आमजनमानस के साथ-साथ हमारी भी है। इसे एक आंदोलन के रूप में एक-एक बूंद को संरक्षित किया जाना चाहिए ओर आने वाली पीढ़ी को इस ओर जागरूक होना पड़ेगा तभी जल सरंक्षण संभव होगा।

इस मौके पर प्रबन्धक प्रकाश चंद जैन, राजेश मसीह, संजीव सर, बी के सर, सचिन, रश्मि तिवारी, आस्था खरे, रजनी साहू, आकांशा कौशल, गीतिका द्विवेदी, अवधेश खरे आदि मौजूद रहे। आभार व्यक्त प्रिंस जैन ने किया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में पीएनबी वारियर्स टीम बनी विजेता



**गुरसराय।** बड्स एन ब्लूम्स का क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ। बीएनबी वारियर्स ने 8 ओवर में 89 रन बनाकर टीम को विजयी बनाया।

रविवार को बड्स एंड बलूम्स स्कूल गुरसराय के क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अमिता पटेल, प्रबंधक पुरुषोत्तम पटेल द्वारा फीता कटकर किया गया। यह क्रिकेट मैच बीएनबी पैंथर्स कप्तान हर्ष सोनी एवं बीएनबी वारियर्स कप्तान अंतरिक्ष त्रिपाठी के मध्य खेला गया ।

बीएनबी पैंथर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाज़ी का फैसला किया, बीएनबी वारियर्स ने 8 ओवर्स में 89 रन का विशाल का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में बीएनबी पैंथर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 87 रन बना पाए और हार का मुंह देखना पड़ा ।निर्णायक मंडली की भूमिका अनिरुद्ध सर एवं आशीष सर कर रहे थे। जबकि स्कोरबोर्ड शिवम अग्रवाल देखे हुए थे। प्रधानाचार्या अमिता पटेल ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं शारीरिक विकास भी बहुत जरूरी है। यही आशा के साथ बच्चों को शारीरिक रूप से तैयार किया जा रहा है और हमेशा किया जाता रहेगा। अंतरिक्ष त्रिपाठी ने कहा की हमारी टीम बहुत अच्छा खेली सभी ने अच्छा खेला। तीन मैचों की श्रंखला का यह पहला मैच था। खेल के दौरान बच्चों अलग ही उत्साह देखने को मिला।

## वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों असहायों, को फल वितरित कर कांस्टेबल ने कराया भंडारा




**गुरसरांय ( झांसी )।** सावन माह के प्रथम सोमवार को थाना प्रभारी गुरसरांय अरुण कुमार तिवारी के निर्देशन में कांस्टेबल हरीश गौतम ने भोले शंकर दुनिया का कष्ट हरने वाले के विशेष दिवस पर 18 जुलाई सोमवार को वृद्धा आश्रम मैं जाकर वहां सीनियर सिटीजन और असहाय लोगों को प्रसाद के रूप में फल वितरण कर विशाल भंडारा कराया जिसकी चारों तरफ गुरसरांय पुलिस के कांस्टेबल हरीश गौतम की सराहना हो रही है वही असहाय बुजुर्गों, बेजुबानों की सेवा से बढ़कर कोई पूजा नहीं है ऐसा मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद समाज के प्रमुख लोगों ने कांस्टेबल हरीश गौतम की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

# तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने मोपेड को सामने से मारी जोरदार टक्कर व जा घुसी एक दुकान में

### मोपेड पर सवार दोनों चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत



**टोड़ी फतेहपुर ( झांसी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंडवाहा बस स्टैंड पर एक स्कॉर्पियो कार एवं एक मोपेड की आमने सामने जोरदार टक्कर हो जाने से मोपेड पर सवार दो व्यक्तियों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है घटना के संबंध में बताया गया है कि किशोरपुरा थाना टोड़ी फतेहपुर निवासी गुट्टी पाल उसका चचेरा भाई लल्लू पाल अपनी रिश्तेदार के यहां ग्राम कुकर गांव मोपेड से जा रहे थे कि जैसे ही वह पंडवाहा बस स्टैंड पर पहुंचे तो सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो कार यूपी 78 जी डब्लू 2727 ने मोपेड को सामने से टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोपेड कार में फंसकर घिसटती हुई पंडवाहा निवासी शत्रुघ्न की दुकान में जा घुसी जिससे शत्रुघ्न का पुत्र विशाल भी घायल हो गया तथा जिसके चलते मोपेड पर सवार दोनों चचेरे भाई भाइयों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिस स्कॉर्पियो से टक्कर हुई उस पर इनकम टैक्स की सामने प्लेट लगी हुई थी व उसमें ड्राइवर सहित एक पुरुष और एक महिला सवार थी। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मोपेड पर सवार दोनों मृतकों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया तथा स्कॉर्पियो व उसमें सवार लोगों को पुलिस साथ ले आयी।

# एकल अभियान के तत्वावधान में विराट भजन संध्या का आयोजन चित्रांश गार्डन में किया गया









**बरुआसागर ( झाँसी ) ।** एकल अभियान के तत्वावधान में विराट भजन संध्या का आयोजन चित्रांश गार्डन में किया गया । जिसमें भजनों की प्रस्तुति से देर रात तक श्रोता भक्ति में लींन रहे। इस अवसर परकार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह अनिल श्रीवास्तव एवं जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जयदेव पुरोहित ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर आर एस एस के प्रांत कार्यवाह ने कहा कि भारत देश दुनिया का मार्गदर्शक रहा है । सनातनी परम्परा के लिये जाना जाता रहा है । लेकिन भारतीय संस्कृति को खंडित करने का प्रयत्न किया गया है। उन्होंने कहा कि देश मे अनेक संस्कृतियों ने अपना प्रभाव डालने का प्रयास किया किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति पुनर्निर्माण का काम 1947 से ही किया जाना चाहिये था। लेकिन अपने राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते इस दिशा में कार्य नही किया गया । राष्ट्रीय स्वयंसेवक भारत के पुनर्निर्माण के लिये लगातार कार्य कर रहा है । देश के वंचित बस्तियों, वनवासी क्षेत्रो में एकल अभियान के माध्यम से वर्ष 1986 से विद्यालय चलाकर शिक्षा और संस्कृति के साथ साथ संस्कार प्रदान किये जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि दुनिया के चिंतक विचार कर रहे है कि यदि श्रष्टि को बचाना है तो भारतीय संस्कृति को अपनाना होगा। भारत की कुटुम्ब व्यवस्था को पुनः जीवित करना होगा । वसुदेव कुटुम्बकम की भावना दुनिया मे केवल भारत में ही है । इस भावना को बढ़ाना होगा।

इस अवसर पर एकल अभियान की केंद्रीय भजन टोली प्रमुख राजेश गुप्ता के निर्देशन में शिवांगी लखनऊ, सरोजनी उड़ीसा, रोहिडी लखीमपुर खीरी, जानकी नेपाल, रिंकी प्रतापगढ़, जयनारायण झारखंड, बालकराम लखीमपुर खीरी, कुलदीप अयोध्या धाम,राजेश चित्रकूट धाम द्वारा सुंदर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति से कार्यक्रम में श्रोताओं को भक्ति से भाव विभोर कर दिया।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर जितेन्द्र दीक्षित, श्रीमती विभा तिवारी, महेश समेले, बालचंद राय, महेश सराफ, अशोक अग्रवाल, ब्रजबिहारी गुप्ता, ब्रजपाल सिंह राजावत, धर्मेन्द्र तिवारी,श्रीमती मीनू राजावत ,कमला सोनी, हरीमोहन सोनी,रामसेवक साहू,रामकिशुन पाल,सुभाष गोयन,विजय दुबे,बहिन शिखा,राजेशअतुल कुमार, सोनू,मनोज,मिथुन, केशव,राहुल, हाकिम,प्रमोद ,आशीष, काजुल,रुचि, अंजलि,दीपिका सुनीता,वर्षा,मौजूद रहे।


कार्यक्रम का भारत माता की आरती के साथ समापन किया गया।

## भागवत कथा सुनकर भाव विभोर हुए धर्म प्रेमी



**मऊरानीपुर।** श्रीसद्गुरू आश्रम मऊरानीपुर में श्रावण मास के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत महापुराण में आज पंचम दिवस में भगवत आचार्य पंडित बृजेश त्रिपाठी शास्त्री जी ने भागवत कथा सुनाते हुए बताया कि बद्रीनाथ का नाम विशाल नाम के राजा पर विशालपुरी पड़ा। उसी विशाल पुरी में सत्संग की कामना से चार कुमार सनद कुमार भ्रमण कर रहे थे ।खिन्नमना नारद जी को आता देख सनत कुमारों ने पूछा आपकी चिंता का कारण क्या है ।नारद जी कहते हैं मैं सत्संग की कामना से मृत्यु लोक पर गया पर सत्य का संग कराने वाला कोई नहीं मिला। आश्रम परिसर में भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे । आश्रम परिसर में आज भक्त गणों के द्वारा अठ्ठारह हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया गया। पंडित राजू महाराज जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से शिव परिवार सहित पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक कराया गया। सर्वप्रथम गणेश पूजन करा कर भगवान भोलेनाथ का दही ,दूध, गंगा जल ,पंचामृत ,एवं गन्ने के रस से अभिषेक करा कर कमल के फूलों एवं बेलपत्र से भगवान का भव्य सिंगार किया गया। आश्रम में लता मिश्रा, रघुराज सिंह परमार ,सरला सिंह ,गीता पांडे ,प्रियंका झा, उषा सोनी, रामकुमार ,पुष्पा सरावगी ,नीरज कनकने, रेशु कनकने,मानसी गुप्ता , मीना सेठ, रागिनी गुप्ता, नवीन कनकने, राखी गुप्ता ,नीलम कनकने, जय साहू, लल्लू विश्वारी, रचना साहू ,दीन दयाल कुशवाहा ,सीमा अग्रवाल, मीना कुशवाह, रंजन अग्रवाल, गोविंद बनाया महेंद्र गोस्वामी महेश अग्रवाल ,सुषमा अग्रवाल, विपिन रूसिया गीता रूसिया किशन अग्रवाल ,विद्या अग्रवाल, हेमंत सिवैयां, संतोष डेंगरे, रामप्रसाद बिलैया, मधु नगरिया, प्रमोद नगरिया ,प्रियंका डेंगरे, रोहित मोदी ,ज्योति मोदी ,सविता मोदी ,कुसुम रेजा, कुसुम चौउदा, प्रभा मोदी, इत्यादि भक्तगण भारी संख्या में मौजूद रहे।

## बारिश ना होने से क्षेत्र के नदी नाले सूखे पड़े



**मऊरानीपुर।** क्षेत्र में मानसूनी बारिश कम होने के कारण नदी नाले पोखर बिना पानी के सूखे पड़े हुए हैं। और धसान व उरनदीयों में भी पानी काफी कम मात्रा में बचा है। जबकि आषाढ़, सावन के महीने में छोटी-बड़ी नदियां उफान पर रहती थी। बारिश ना होने से किसानों की खरीफ की फसल खेतों में ही दफन होती जा रही है। छुट्टा अन्ना जानवर पानी पीने की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। ग्राम खिलारा के पास से निकली सिजार नदी एवं ग्राम भंडरा से निकली कुंडार नदी बारिश ना होने के कारण खाली पड़ी हुई है। तथा धसान तथा उरनदी बड़ी है। लेकिन इनमें भी पानी कम बचा है। क्षेत्र के मौसमी बारिश के अभाव में खेत वीरान नजर आ रहे हैं। अन्नदाता किसान क्वार जैसी तन बदन को झुलसा की खेतों में जो बीज बोया है। वह नष्ट ना हो जाए। जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामों के किसान अधेड़ बुन में लगे हुए हैं।

## मार्शल आर्ट्स, डांस, म्यूजिक, सिंगिंग, योग व खेलों में दिखाया टेलेन्ट



**बबीना।** इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और यूनिवर्सल वर्ल्ड रिकॉर्ड की तरफ से 20 मई से 31 मई 2022 तक अलग-अलग इवेंट्स जैसे कि मार्शल आर्ट्स, डांस, म्यूजिक, सिंगिंग, योगा और सभी खेलों का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था , जिसमें पूरे भारतवर्ष से 376 लोक पार्टिसिपेट किए थे । प्रशिक्षक संजीव यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में बबीना, झांसी की नेशनल स्पोर्ट्स अकैडमी ऑफ कुंग फू एण्ड मुएथाई से 20 खिलाड़ी अलग-अलग इवेंट्स में पार्टिसिपेट किए थे ।जिन्हें आज इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड और यूनिवर्सल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से सर्टिफिकेट और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया ।इन्हीं के साथ नेशनल स्पोर्ट्स अकैडमी ऑफ कुंग फू एण्ड मुएथाई एकेडमी को भी कुंगफू, मुएथाई और कलरीपयट्टू मार्शल आर्ट्स की बेहतरीन ट्रेनिंग देने और इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस इवेंट में बबीना से योगा में श्रीमती प्रीति साहू, अनन्या गुप्ता, और मुएथाई इवेंट में पलक साहू और बैडमिंटन इवेंट में कृतिका जैन वहीं कुंग फू इवेंट में कबीर राय, रिद्धि, अर्णव, आदित्य, रितिका, रक्षा, शुभी, शुभ यादव, जुबेर, देव गोयल, नितेश, अथर्व साहू, के साथ एकेडमी की तरफ से राजस्थान से प्रतिभाग करने वाले अनुज और आलोक निलेश शिरके रहे और इन्हीं के साथ भूमि अग्रवाल ने कविता प्रस्तुति इवेंट में प्रतिभाग किए ।

## सेहत का मोर्चा

कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया की व्यवस्थाओं के सामने गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। उनमें एक बड़ी समस्या स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी पैदा हुई है। खासकर विकासशील देशों में, जहां लंबे समय से चली आ रही कुछ बीमारियों को जड़ से समाप्त करने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। ये देश पहले ही कुपोषण, जलजनित बीमारियों आदि से पार पाने की कोशिश कर रहे हैं। उसमें कोरोना काल में जब संक्रमण से बचने के लिए बंदी की गई, तब नियमित चिकित्सीय सेवाएं बाधित हो गईं। अस्पतालों में भी तमाम सेवाओं में लगे चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना महामारी से लड़ने के लिए तैनात कर दिया गया। इस तरह कुछ आवश्यक सेवाएं ही चलाई जाती रहीं। ऐसे में पांच साल तक की उम्र के बच्चों को लगने वाले डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खांसी, पोलियो आदि के नियमित टीके नहीं लगाए जा सके। संयुक्त राष्ट्र बाल आपात कोष यानी यूनीसेफ ने दुनिया भर के अपने अध्ययन में पाया है कि इस दौरान ढाई करोड़ बच्चों को नियमित टीके नहीं लगाए जा सके। इनमें से ज्यादातर बच्चे भारत, इंडोनेशिया, इथियोपिया, नाइजीरिया और फिलीपीन जैसे विकासशील देशों के हैं। यूनीसेफ ने इसे गंभीर चेतावनी के रूप में जारी किया है।जाहिर है, नियमित लगने वाले टीकों का चक्र टूटने या पूरा न हो पाने से उन बीमारियों के उभरने का खतरा बना रहेगा। किसी भी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए उसके विषाणु का चक्र तोड़ना बहुत जरूरी होता है, नहीं तो फिर से भयावह रूप में उसके पांव पसारने का खतरा रहता है। भारत जैसे देश में चेचक और पोलियो जैसी बीमारियों के विषाणु का चक्र तोड़ने में वर्षों लग गए। पोलियो के लिए लंबे समय तक अभियान चलाए रखना पड़ा। मगर काली खांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस आदि पर काबू पाना अब भी चुनौती है। दरअसल, भारत जैसे देश में न तो हर व्यक्ति को पीने का साफ पानी उपलब्ध है, न साफ वातावरण में रहने की जगह और न बहुत सारे लोगों को उचित पोषण मिल पाता है। इसके चलते भुखमरी और कुपोषण यहां सबसे बड़ी समस्या है। हर साल इनके आंकड़े कुछ बढ़े हुए ही दर्ज हो रहे हैं। महिलाओं में रक्ताल्पता का आंकड़ा चिंताजनक स्तर तक पहुंच गया है। ऐसे में शरीर में बीमारियों से लड़ने की क्षमता कमजोर होने से उनके फैलने की आशंका लगातार बनी रहती है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने ऐसी बीमारियों पर काबू पाने के मकसद से कई स्वास्थ्य योजनाएं चला रखी हैं और गांव स्तर पर भी इनसे संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर गंभीरता दिखाई देती है। मगर बचपन में ही रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाए, तो आगे चल कर व्यक्ति के स्वस्थ रह पाने की संभावना क्षीण ही रहती है। अब कोरोना का प्रकोप काफी कम हो चुका है, जीवन सामान्य गति में लौट रहा है, स्वास्थ्य सेवाओं पर महामारी से लड़ने का दबाव कम है। इसलिए अब टीकों को सुचारु करने के साथ-साथ उन बच्चों पर भी गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है, जो नियमित टीकों से वंचित रह गए या जिनका टीकों का चक्र पूरा नहीं हो पाया। अब तो हर गांव तक स्वास्थ्य कर्मियों की पहुंच है, उन्हें ऐसे बच्चों की पहचान और उन्हें सहायता उपलब्ध कराने में लगाया जा सकता है। मगर इसके साथ ही उन बिंदुओं पर भी गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है, जिसकी वजह से बच्चों को उचित पोषण नहीं मिल पाता।

संपादकीय

## तल्खी का मौसम

कभी जिस मानसून के आने के लिये पूजा-अर्चनाएं की जाती थीं और उसके आने पर जन-जन में उत्सव जैसा भाव होता था, वह मानसून अब डराने लगा है। देश के कई राज्यों में बाढ़ के पानी में डूबे तमाम गांव-शहर इस त्रासदी की बानगी दिखा रहे हैं। कहीं बाढ़, कहीं भूस्खलन तो कहीं हिमस्खलन की घटनाएं लोगों को आतंकित कर रही हैं। लगातार होने वाली बादल फटने की घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। हाल में अमरनाथ यात्रा के दौरान घटी त्रासदी ने बड़ी मानवीय क्षति की है। पहाड़ों के दरकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं तो वहीं आकाशीय बिजली से मरने वालों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रकृति का यह रौद्र रूप क्यों सामने आने लगा है? जीवनदायिनी मानसूनी बारिश क्यों जानलेवा साबित हो रही है। क्यों लोग प्रकृति के रौद्र रूप के सामने लाचार नजर आ रहे हैं। वहीं उत्तर भारत के कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां भरपूर बारिश न होने से लोग परेशान हैं। कहीं न कहीं ये हालात हमें चेता रहे हैं कि प्रकृति विरोधी राजनीतिक व आर्थिक फैसलों ने उन कारकों को बढ़ावा दिया है जो ग्लोबल वार्मिंग के कारक बने। इसमें हमारी विलासिता की जीवन शैली भी शामिल है। हमने विकास के जिस मॉडल को चुना है उसमें प्रदूषण उगलते कारखाने, सड़कों पर वाहनों का सैलाब, वातानुकूलन की संस्कृति, जंगलों के कटान व पहाड़ों से निर्मम व्यवहार ने तापमान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उसके चलते हमारे मौसम के चक्र में ग्लोबल वार्मिंग का घातक असर नजर आ रहा है। दरअसल, कथित विकास के नाम पर हमने प्रकृति के साथ पिछली कुछ शताब्दियों में जो क्रूरता दिखाई है उसका खमियाजा इस पीढ़ी को भुगतना पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या ने भी प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ाया है। जिसके चलते प्राकृतिक संसाधनों का अवैज्ञानिक तरीके से दोहन बढ़ा है। जिसने जलवायु परिवर्तन के कारकों में वृद्धि ही की है। कुल मिलाकर जल, जंगल व जमीन के साथ क्रूरता बरती गई है। प्रकृति के सहचर बनने के बजाय हमने शासक बनने की कोशिश की है। दरअसल, कुदरत ने धरती के हर व्यक्ति के लिये दाना-पानी की व्यवस्था की है, लेकिन लिप्साओं, विलासिता और स्वच्छंद व्यवहार की अनुमति नहीं दी है। जब-जब इंसान इस लक्ष्मण रेखा को लांघता है प्रकृति उसका प्रतिकार करती है। मौसम का रौद्र उसी प्रतिकार की बानगी मात्र है। यह मनुष्य को चेतावनी भी है कि यह क्रूरता बंद न हुई तो उसकी आने वाली संतानों को इससे ज्यादा भयावह हालात से गुजरना होगा। निस्संदेह प्रकृति के इस तल्ख व्यवहार से हमारी खाद्य श्रृंखला भी खतरे में पड़ सकती है। हाल के दिनों में तेज गर्मी से गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है।

# किसान की सुरक्षा-समृद्धि से जुड़ा एमएसपी का सवाल



न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर किसानों को फिर से आंदोलन के रास्ते पर देखना वास्तव में दुखद है। किसानों ने केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी की कानूनी गारंटी न दिये जाने के खिलाफ राष्ट्रव्यापी 'विश्वासघात सम्मेलन' और 31 जुलाई को देशभर में 'चक्का जाम' का आह्वान किया है। किसानों के साथ यह रवैया पीड़ादायक है। सरकार के वादे के बाद ही आंदोलनकारी किसान 18 महीने के लम्बे आंदोलन को खत्म करने पर सहमत हुए थे, जिसमें सरकार ने एमएसपी को कानूनी गारंटी के लिए एक कमेटी बनाने का लिखित आश्वासन दिया था पर सरकार ने उसे पूरा नहीं किया। यूं तो हर साल सरकार 23 फसलों के लिए एमएसपी घोषित करती है लेकिन सरकारी एजेंसियां केवल लगभग 6 प्रतिशत किसानों से धान और गेहूं तक ही खरीद सीमित रखती हैं। देश के करीब 94 फीसदी किसानों को एमएसपी का फायदा नहीं मिल पाता है। किसानों के हितों पर सरकार का रुख ऐसा है कि पहले 10 मिलियन टन से अधिक गेहूं का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निर्यात करवा दिया व फिर गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। निर्यात से किसानों को फायदा नहीं मिला बल्कि इसे चंद निर्यातकों ने हड़प लिया। गेहूं के निर्यात में हुई इस गड़बड़ी ने हमारे देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। सरकार ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के गेहूं और चावल आवंटन के अनुपात को भी बदल दिया है। 10 राज्यों के गेहूं आवंटन में भारी कटौती की गई है। निर्यात के कारण केंद्रीय पूल में गेहूं का स्टॉक 2008 के स्तर से भी नीचे चला गया है, जो पिछले 15 वर्षों में सबसे कम है। पीडीएस के 80 करोड़ प्रत्यक्ष लाभार्थियों की ओर देखा जाए तो इस संकट के स्तर का अंदाजा लगता है। रबी सीजन 2021-22 के दौरान केंद्रीय पूल के लिए 43.34 मिलियन टन गेहूं की खरीद की गई थी। मौजूदा सीजन में 50 मिलियन टन खरीद के लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 18.73 मिलियन टन ही खरीद हुई, जो पिछले सीजन की तुलना में 56.7 फीसदी कम है। चंद निर्यातकों के लिए हितकारी गेहूं निर्यात नीति को देखना वास्तव में पीड़ादायक रहा, जिसके चलते स्थानीय अनाज मंडियों में गेहूं की कीमतें 2075 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी से भी कम हो गईं। जबकि, अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में गेहूं की कीमतें 3500 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई थीं। मौजूदा खरीफ सीजन में किसानों को मूंग और मक्का का एमएसपी नहीं मिल रहा। अन्नदाता के साथ ये रवैया जायज़ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि देश की खाद्य सुरक्षा मिशन की बुनियाद ही किसान हैं। मेरा मानना है कि केंद्र सरकार एमएसपी की कानूनी गारंटी के वादे को पूरा करे और आज से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र में विधेयक पेश करे। एमएसपी से कम दर पर कृषि उपज खरीदना कानूनन दंडनीय होना चाहिए। एमएसपी की गणना सी2 फार्मूले के आधार पर और डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के अनुरूप होनी चाहिए। वहीं एमएसपी पर सरकार की ओर से कोई जवाबदेही न होना और भी ज्यादा परेशानी कारक है। दरअसल, किसानों से संबंधित मुद्दों पर सरकार की ज़ुबान में एकरूपता नहीं है। किसानों की आय बढ़ाने वाली प्रमुख योजनाएं औंधे मुंह गिरी हैं। साल 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी जुमला साबित हो गया है। क्या अब किसानों के लिए तय सारे महान लक्ष्यों को अगले 25 वर्षों में पूरा किया जाएगा, जिसे सरकार 'अमृत काल' कह रही है। किसानों से जुड़े असल मुद्दों को ईमानदारी और पारदर्शिता से हल नहीं करने से 'आबरा का डाबरा' से ज्यादा और कुछ नहीं होगा।किसानों की आमदनी दोगुनी करने पर बनी सरकारी समिति की रिपोर्ट के अनुसार, 2015-16 में किसान परिवार की न्यूनतम आय 8,059 रुपये प्रति माह थी। मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए इसे वास्तविक रूप में दोगुना किया जाना था। ऐसे में 2022 तक हर किसान परिवार की आय कम से कम 21,146 रुपये प्रति माह होनी चाहिए थी। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के आंकड़ों के अनुसार 2018-19 में किसान परिवार की अनुमानित मासिक आय सिर्फ 10,218 रुपये प्रति माह ही थी। इसके उलट, पिछले कुछ वर्षों के दौरान डीजल, खाद, कीटनाशक जैसे कृषि इनपुट की लागत लगभग दोगुनी हो गई। यानी किसान की आमदनी नहीं बल्कि खर्चा दोगुना हो गया है। नीति आयोग के एक सदस्य के हालिया बयानों को देखा जाए तो सरकार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने के पक्ष में नहीं लगती है। सरकार को मौजूदा एमएसपी योजना का विस्तार करके उसे और मजबूत करना होगा, साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एमएसपी व्यवस्था के तहत सभी 23 फसलों पर ज्यादा से ज्यादा किसानों को एमएसपी का फायदा मिले। किसानों को इसलिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग करनी पड़ रही है क्योंकि एमएसपी के प्रति सरकारों की प्रतिबद्धता का अभाव है। यही कारण है कि किसानों की मांग जायज है और उसे हर वर्ग का समर्थन हासिल है। 2004 में गेहूं का एमएसपी 580 रुपये प्रति क्विंटल था जो 2014 तक बढ़कर 1,310 रुपये पहुंच गया, ये सालाना 12.2 प्रतिशत औसत वृद्धि थी। जबकि भाजपा सरकार के आठ साल में गेहूं की एमएसपी में औसतन 5.5 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई। वहीं यूपीए के 2004 से 2014 के कार्यकाल में धान के एमएसपी में 14 प्रतिशत की वृद्धि मौजूदा केंद्र सरकार के कार्यकाल में औसतन 6 प्रतिशत पर अटक गई। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि 'बाकी सब कुछ इंतजार कर सकता है, लेकिन कृषि नहीं'। उनकी दूरदृष्टि, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नारे 'जय जवान, जय किसान' से मिली प्रेरणा, डॉ. रामधन सिंह, एमएस स्वामीनाथन, डॉ. वर्गीज कुरियन जैसे कृषि वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और हमारे किसानों व खेत मजदूरों के अथक परिश्रम ने भुखमरी और अनाज की कमी झेल रहे देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। मौजूदा कृषि संकट को हम भली-भांति समझते हैं। किसानों की आय बढ़ाने, गरीबी मिटाने और किसानों-खेत मजदूरों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ कृषि संकट को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कृषि केवल एक व्यवसाय या आर्थिक गतिविधि नहीं है बल्कि देश की बड़ी आबादी के लिए जीवन जीने की एक पारंपरिक पद्धति है। यह खेत और फसलों से कहीं अधिक है। यह किसान परिवार की विरासत भी है और उनका भविष्य भी है। मेरा मानना है कि कृषि सुधार और नीतियां किसानों की सहमति से और किसान पर ही केंद्रित होनी चाहिए। कृषि उत्पाद खरीदने के लिए उपभोक्ता जितना भुगतान कर रहा है उसका कम से कम 50 प्रतिशत किसान को मिले, यह जरूरी है। इस मुद्दे को विस्तार से देखने के लिए इसके व्यापक अध्ययन की भी जरूरत है। किसानों को संकट में डालने वाले मुद्दों के समाधान के लिए देश को नीतियों पर व्यापक पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

# मानसून सत्र में मद्दे, 24 विधेयक होंगे पेश



संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है, जो आगामी 12 अगस्त तक चलेगा। मानसून सत्र में केंद्र सरकार 24 विधेयक पेश करने वाली है। इसमें वन संरक्षण संशोधन विधेयक, ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक, परिवार अदालत संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय रेल परिवहन संस्थान को गतिशक्ति विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने संबंधी विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा, सरकार चार ऐसे विधेयक भी पेश करेगी, जिस पर संसद की स्थायी समितियों ने विचार किया है। जबकि विपक्ष की योजना है कि सरकार को जवाबदेह बनाया जाए और मुद्दों पर बहस हो। पिछले कुछ सत्रों से देखा जा रहा है कि विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार बिना बहस के विधेयकों को पारित करवा लेती है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने से सरकार को ही फायदा मिलता है। इस मानसून सत्र में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें विपक्ष संसद में उठाना चाहेगा, जिनमें खाद्य पदार्थों की महंगाई, ईंधन की कीमतों में वृद्धि, अग्निपथ योजना, चीन के साथ गतिरोध का मुद्दा, पहली बार देश में डिजिटल मीडिया को विनियमित करने के लिए लाए जाने वाले नए कानून आदि शामिल होंगे। पिछले बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 129 फीसदी और राज्यसभा में 98 फीसदी कामकाज हुआ था। लेकिन मानसून सत्र से ठीक पहले देश के प्रधान न्यायाधीश ने चिंता जताई है कि विपक्ष की जगह सिमट रही है। यह किसी भी संसदीय लोकतंत्र के लिए अच्छी खबर नहीं है। पिछले दिनों जो घटनाएं हुई हैं, उनसे दो चीजें पता चलती हैं। वैसे तो भाजपा का रवैया पहले से ही आक्रामक रहा है, लेकिन हालिया घटनाओं से स्पष्ट है कि वह विपक्ष के प्रति और आक्रामक हो गई है। जबकि विपक्ष और भी कमजोर होता जा रहा है तथा उसकी जगह लगातार सिकुड़ती जा रही है। इसलिए लगता है कि संसद का यह सत्र हंगामेदार रहने वाला है। इसी सत्र में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव भी होंगे, जिनमें भाजपा हावी रहेगी। संसद सत्र के पहले दिन ही राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान होगा और यह लगभग पक्का है कि द्रौपदी मुर्मू अच्छे मतों के साथ राष्ट्रपति चुनी जाएंगी। एक आदिवासी महिला का देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमें यह नहीं मालूम कि इससे आदिवासियों की जिंदगी में कितना फर्क आएगा, लेकिन उनके मन में यह भावना पैदा हो सकती है कि मैं भी देश के सबसे शीर्ष पद को हासिल कर सकता या कर सकती हूं। भाजपा ने सोची-समझी रणनीति के तहत राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना। हिंदी भाषी प्रदेश और पश्चिमी भारत भाजपा के गढ़ हैं। हिंदी पट्टी और पश्चिमी भारत में जो सात-आठ राज्य आते हैं, वहां आदिवासियों की बड़ी संख्या है। भाजपा को लगता है कि पिछले दस वर्षों में उसके खिलाफ जो थोड़े-बहुत सत्ता-विरोधी रुझान पैदा हुए होंगे, उसकी भरपाई आदिवासी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने से हो जाएगी।

# थोड़ा कष्ट उठाकर भी तो बांटिये सुख



भारतीय दर्शन जीवन के क्षणभंगुर होने की बात सदियों से करता आया है। आखिर जीवन क्या है? सिर्फ जन्म और मृत्यु के बीच का एक फासला ही तो है। दुनिया में अमरत्व किसी को नहीं मिला है। देवाताओं को भी धरा से अपने लक्षित काम पूरे करके इंद्रलोक को लौटना पड़ा है। तो ऐसे में इंसान की क्या बिसात! जीवन तमाम तरह की आशंकाओं और क्षणभंगुरताओं का समुच्चय है। जीवन की प्रत्याशा को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन एक बात तय है दुनिया उसी को याद करती है जो समाज के लिये त्याग करके जाता है। अपने लिये जीने और धन संपदा जुटाने वाले व्यक्ति को उसकी संतानें भी कुछ पीढ़ियों के बाद भूल जाती हैं। लेकिन सेवा के संकल्प वाले व्यक्ति सदियों तक याद किये जाते हैं। एक चौंकाने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया जिसने हर किसी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित किया। वह आंकड़ा यह कि हर रोज रात को सोने वाले हजारों लोग अगली सुबह का सूरज नहीं देख पाते। कितना क्षणिक व क्षणभंगुर है जीवन? फिर भी हम संकीर्णताओं में फंसे जोड़ने में लगे रहते हैं। कोशिश होती है कि सात पीढ़ियों के लिये सुख-सुविधाओं का जुगाड़ कर जायें। ब्रिटेन में भारतीय मूल के चर्चित अरबपति लक्ष्मी नारायण मित्तल कहते हैं कि पैसे का मतलब महज सौ-हजार तक ही होता है उसके बाद तो यह संपदा केवल अंकों की गिनती है। निस्संदेह, पैसा तो वही उपयोगी है जिसका आप उपभोग कर पाते हैं। यदि आप खरबपति हैं और उच्च रक्तचाप, हृदयरोग व मधुमेह जैसी बीमारियों से ग्रस्त हैं तो आप न तो नमक खा पायेंगे और न मीठा। हर लजीज व्यंजन खाने के बाद हृदय रोग का डर सताएगा। इस बात को दुनियाभर के अरबपतियों ने भी महसूस किया है। दुनिया के चोटी के धन्नासेठों मसलन अमेरिका के बिल गेट्स व बफेट तक ने अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा समाज के गरीब तबके के कल्याण के लिये दिया है। भारत में अजीम प्रेमजी अपनी आय में से बड़ी धनराशि सामाजिक उत्थान व शिक्षा के संवर्धन में खर्च करते हैं। पिछले दिनों भारत के नये धन कुबेर गौतम शांतिलाल अडानी ने अपने साठवें जन्मदिन पर शिक्षा व अन्य सामाजिक कार्यों के लिये साठ हजार करोड़ देने की बात कही थी। निस्संदेह, उनकी आय के मुकाबले दिया जाने वाला धन उनके लिये ज्यादा नहीं है लेकिन लाखों लोगों की जिंदगियां इससे बदल सकती हैं, उनके जीवन में खुशियां आ सकती हैं।

# मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी



मानसून के आते ही देश के जो हिस्से पानी के लिए व्याकुल थे, पानी-पानी हो गए। जल संकट के लिए सबसे परेशान मध्य भारत में जैसे ही प्रकृति ने अपना आशीष बरसाया और ताल-तलैया, नदी-नाले उफन कर धरा को अमृतमय करने लगे, तो इसे तबाही, बर्बादी, विनाश कहा जाने लगा। पानी को ले कर हमारी सोच प्रारंभ से ही त्रुटिपूर्ण है। हमें बताया गया कि नदी, नहर, तालाब, झील आदि पानी के स्रोत हैं। हकीकत में हमारे यहां पानी का स्रोत केवल मानूसन ही है, नदी-दरिया तो पानी को सहेजने के स्थान मात्र हैं। यह धरती पानी के कारण ही जीवों से आबाद है, पर पानी के आगम मानसून की हम कदर नहीं करते। उसकी नियामत को सहेजने के स्थान हमने खुद उजाड़ दिए। गंगा-यमुना के उद्गम स्थल से छोटी नदियों के गांव-कस्बे तक बस यही हल्ला है कि बरसात ने खेत-गांव सब कुछ उजाड़ दिया। पर यह भी सच है कि मानसून के विदा होते ही उन सभी इलाकों में पानी के लिए मारा-मारी होगी। यह देखने की जरूरत है कि मानसून में जल का विस्तार हमारी जमीन पर हुआ है या हमने ही जल विस्तार की नैसर्गिक परिधि पर कब्जा जमा लिया है। इस देश के लोकजीवन, अर्थव्यवस्था और पर्व-त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। जो शहर-महानगर पूरे साल वायु प्रदूषण से हलकान रहते हैं, इसी मौसम में वहां के लोगों को सांस लेने को साफ हवा मिलती है। खेती-हरियाली और साल भर के जल का प्रबंध इसी बरसात पर निर्भर है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है, तो इसे खलनायक के रूप में देखा जाता है। इसका कारण यह है कि हमारे यहां मानसून को सम्मान देने की परंपरा खत्म होती जा रही है। इसका कारण है, तेजी से शहरों की ओर हो रहा पलायन और गांवों का शहरीकरण। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों का कुछ लीटर पानी घटाने को तो राजी हैं, पर मानसून से मिले जल को संरक्षित करने के मार्ग में खुद ही रोड़े अटकाते हैं, मानूसन को सहेजने वाली नदियों में पानी सुरक्षित रखने के बजाय रेत निकालने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। आज जिन इलाकों में नदी से तबाही पर विलाप हो रहा है, वे सभी इलाके किसी नदी के रास्ते में यह सोचकर बसा लिए गए कि अब तो नदी दूसरे रास्ते बह रही है। राजधानी दिल्ली में ही अक्षरधाम मंदिर से लेकर खेलगांव तक को लें, अदालती दस्तावेजों में खुरपेच कर यमुना के जल ग्रहण क्षेत्र में कॉलोनियां बसा ली गईं। उत्तर प्रदेश में गंगा-यमुना या उनकी सखी-सहेलियों को जहां भी बांधने के प्रयास हुए, वहां जल-प्रलय होता है। गुजरात का उदाहरण सामने है। नर्मदा के बंधने से उसके हर शहर की आधुनिकता पर पानी फिर गया है। हमारी नदियां उथली हैं और कभी अतिक्रमण, कभी सुंदरता, तो कभी रिवर फ्रंट के नाम पर उन्हें संकरा किया गया। नदियों का अतिरिक्त पानी सहेजने वाले तालाब-बावली-कुएं नदारद हैं। फिर पानी सहेजने व उसके बहुद्देश्यीय इस्तेमाल के लिए बनाए गए बांध अरबों की लागत और दशकों के समय के बाद भी थोड़ी-सी बरसात को समेट नहीं पा रहे हैं।

**मेष**
बाधा, स्वभाव में उद्विघ्नता तथा दुख अवश्य ही बनेगा, ध्यान रखें।

**वृष**
अवरोध से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति, तनाव अवश्य बनेगा।

**मिथुन**
शुभ कार्य, भूमि से हानि, कार्य सिद्धी, लॉटरी-सट्टा से हानि की संभावना बनी रहेगी।

**कर्क**
कार्य और धन अस्त-व्यस्त हो, सतर्कता से कार्य अवश्य ही निपटा लवें।

**सिंह**
मनोबल उत्साहवर्धक हो, कार्यगति में सुधार होगा तथा चिन्तायें कम होंगी।

**कन्या**
मान-प्रतिष्ठा के साधन बनें, स्त्री से सुख-शांति अवश्य ही बन जायेगी।

**तुला**
अग्नि-चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, रुके कार्य बन जायेंगे।

**वृश्चिक**
बाधा, आरोप, धन लाभ, यात्रा-कष्ट, गृहकार्य, राजकार्य में रुकावट की स्थिति बनेगी।

**धनु**
शारीरिक क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, क्लेश तथा भय बना रहेगा।

**मकर**
विवादग्रस्त होने से बचिये, तनाव, क्लेश व मानसिक अशांति रहेगी।

**कुंभ**
धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, समय उल्लास से बीतेगा, मनोवृत्ति उत्तम बनी रहेगी।

**मीन**
कामनायें पूर्ण होंगी, धन लाभ आशानुकूल, सफलता का हर्ष होगा।

डॉ पीएल गौतमाचार्य

## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने मतगणना स्थल का लिया जायजा

शिवपुरी। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत दूसरे चरण के मतदान में सात नगरीय निकायों में निर्वाचन संपन्न हुए हैं जिसकी मतगणना 20 तारीख को होगी। मतगणना पीजी कॉलेज में की जाएगी। मतगणना स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह पीजी कॉलेज पहुंचे और अधिकारियों के साथ मतगणना की तैयारियां देखी। वहां स्ट्रांग रूम का जायजा लिया और अभ्यर्थियों से चर्चा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतगणना स्थल पर तैयारियों का जायजा लें और उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करें। भ्रमण के दौरान प्रेक्षक श्री अनूप तिवारी भी मौजूद रहे। स्ट्रांग रूम का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर ने वहां मौजूद अभ्यर्थियों से कहा की ईवीएम को स्ट्रांग रूम में निगरानी में रखा गया है। यहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। यदि कोई प्रत्याशी अथवा उनके एजेंट भ्रमण करना चाहते हैं तो वह अपना पहचान पत्र बनवा लें।

### शिवपुरी में सफाईकर्मी की भर्ती-संविदा पर चौकीदार के पदों पर भी होगा चयन

**शिवपुरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्याय सेवा सदन शिवपुरी की साफ-सफाई के लिए अंशकालीन सफाई कर्मी एवं उसकी संपत्ति की देखरेख करने हेतु संविदा आधार पर एक वर्ष के लिये चौकीदार नियुक्त की जाना है। इस भर्ती के तहत अंशकालीन सफाई कर्मी एवं संविदा चौकीदार (कलेक्टर दर पर) के रिक्त पद पर भर्ती की जानी हैं। अभ्यर्थी अपने आवेदन के लिए जिला न्यायालय शिवपुरी के सामने स्थित एडीआर भवन, शिवपुरी संपर्क कर सकते हैं।

### मानेगांव में शराब की दुकान का विरोध

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित मानेगांव क्षेत्र में शराब दुकान के विरोध में आज स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का कहना था कि शराब की दुकान बंद करे या फिर स्कूल बंद कर दे, क्योंकि शराब दुकान के कारण विद्यार्थियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि बड़ा पत्थर रांझी की दुकान को मानेगांव में शिफ्ट किया गया है, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने आबकारी व जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया था कि यहां पर स्कूल है इसलिए शराब की दुकान खोलने देना उचित नहीं है।

### बादल छंटे, सूरज ने दिखाए तेवर, गर्मी-उमस ने बढ़ाई बेचैनी

राजगढ़। मानसून की बेरुखी ने क्षेत्र के लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से त्रस्त कर दिया है। वर्षा नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता जून की तरह गर्मी और उमस से परेशान होने लगी है। रविवार को भीषण गर्मी का अहसास हुआ। बादलों के छंटने से सूरज की तपन बढ़ गई है, जिसने हर किसी को परेशान कर दिया। उमस से बेहाल लोग छांव ढूंढते नजर आए। रविवार को आसमान में वर्षा के बादल तो ठीक सामान्य बादल भी नजर नहीं आए। इसके चलते सूरज का तेज सीधे तौर पर लोगों को परेशान करता रहा। जानकारों का कहना है कि मौसम के मिजाज ऐसे ही रहते हैं तो पानी को लेकर परेशानी आ जाएगी।

### चेन लूटने के लिए 90 वर्षीय वृद्धा को धक्का देकर गिराया, हाथ टूटा

इंदौर। सुबह की सैर करने निकली 90 वर्षीय वृद्धा से बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन लूट ली। पहले झटके में चेन नहीं टूटने पर बदमाश ने धक्का देकर गिराया और चेन तोड़ ली। वृद्धा को घसीटते हुए भी ले गए। इससे वृद्धा का बायां हाथ टूट गया। डाक्टर ने आपरेशन कर राड डालने की सलाह दी है। वारदात राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित धनवंतरी नगर में सुबह करीब 8.30 बजे की है। 90 वर्षीय सुमति बक्शी टहलने के लिए निकली थीं। लौटने में वह पूजा के फूल तोड़ने रुक गईं। घर से करीब 15 फीट दूर पहुंची ही थीं कि बाइक पर दो बदमाश आ धमके। पीछे बैठे बदमाश ने वृद्धा की चेन पकड़ ली और झटका देकर तोड़ने का प्रयास किया। बेटे राजेश के मुताबिक चेन में हुक नहीं था इसलिए एक बार में नहीं टूटी। बदमाश ने बाइक पर बैठे-बैठे ही वृद्धा को धक्का देकर गिरा दिया।

### सहायक का द्वितीय प्रशिक्षण आज

**शिवपुरी। नगरीय निकाय आम निर्वाचन वर्ष 2022 की द्वितीय चरण की मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक को द्वितीय प्रशिक्षण 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक प्रशिक्षण स्थल शासकीय माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय एलएसपी महाविद्यालय पोहरी, शासकीय उत्कृष्ट उमावि विद्यालय पिछोर, स्कर्ट हार्ड एकेडमी विद्यालय करेरा, शासकीय उमावि बैराड़ एवं मगरोनी में आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण उमराव सिंह मरावी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं।**

सीएसपी ने किया वायरलेस सेट पर काल, पुलिस पहुंची तो मच गई भगदड़

# आधी रात को खुली दुकान में लगी थी भीड़, सीएसपी ने भेजी पुलिस



**एजेंसी, जबलपुर**

ओमती थाना क्षेत्र में आधी रात को करीब ढाई बजे बस स्टेंड में सलाम की दुकान खुली थी। मौक पर भीड़ लगी थी। तभी वहां से रात्रि गस्त अधिकारी सीएसपी गोहलपुर अखिलेश गौर निकले। सीएसपी ने भीड़ व दुकान खुली देखकर तत्काल वायरलेस सेट पर काल किया और पुलिस बल मौके पर भेजकर दुकानदार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद ओमती पुलिस मौके पर पहुंची तो भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि सलाम की दुकान लगभग रोज रात भर खुली रहती है, इससे पुलिस भी परेशान थी। ओमती पुलिस ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे प्रभारी रात्रि गस्त अधिकारी सीएसपी गोहलपुर अखिलेश गौर द्वारा वायरलेस सेट के माध्यम से बस स्टेंड में सलाम की दुकान खुली होने की सूचना दी। जिसके बाद ओमती पुलिस ने सलाम की दुकान में दबिश दी। दुकान मालिक बड़ी ओमती निवासी सलाम अपनी दुकान खोलकर चाय-नाश्ता विक्रय कर रहा था एवं दुकान में काफी भीड़ लगी थी। दुकान मालिक सलाम पुलिस देखकर मौके से भाग गया। दुकान में उसका नौकर मोहित अहिरवार मिला। मोहित ने पूछताछ पर दुकान में नौकर के रूप में काम करना बताया। जबकि दुकान मालिक सलाम द्वारा दुकान में नौकर के रूप में काम कराने के संबंध में थाना में सूचना नहीं दी थी। जिस पर आरोपी मो. सलाम द्वारा जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करना पाया गया। साथ ही दुकान को चैक करने पर दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करना पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने दुकान के नौकर से दो गैस सिलेंडर, गैस भट्टी, कढ़ाई, जब्त करते कार्रवाई की है। फरार आरोपी मो.सलाम की तलाश की जा रही है।

### शराब दुकान को लेकर विरोध प्रदर्शन

रांझी थाना क्षेत्र में मानेगांव देशी शराब दुकान के विरोध में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का कहना था कि शराब की दुकान बंद करें या फिर स्कूल ही बंद कर दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि शराब दुकान नहीं हटाई गई तो सोमवार से दुकान के सामने गांधी चौक पर अनशन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों ने बताया कि बड़ा पत्थर रांझी की देशी दुकान को मानेगांव में शिफ्ट किया गया है। स्थानीय लोगों ने आबकारी व जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया था कि यहां पर स्कूल है, इसलिए शराब की दुकान खोलना उचित नहीं है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। अब स्कूल आने व जाने वाले विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। प्रदर्शन के दौरान लोगों का शराब दुकान संचालक से विवाद भी हो गया था। जिसकी खबर मिलने पर रांझी पुलिस मौके पर पहुंच गई और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। लेकिन लोगों ने साफ कह दिया कि शराब दुकान नहीं हटाई गई तो सोमवार से अनशन शुरू होगा और शराब दुकान हटाए जाने के बाद ही लोग अनशन समाप्त करेंगे।

इंदौर पुलिस कंट्रोल रूम में गोलीकांड

## आरोपित एएसआइ से ज्वेलरी जब्त करेगी पुलिस



**एजेंसी, इंदौर**

इंदौर में टीआइ हाकमसिंह आत्महत्या केस में गिरफ्तार महिला एएसआइ ने ब्लैकमेल कर लाखों की ज्वेलरी और इलेक्ट्रानिक सामान भी खरीना कुबूला है। पुलिस अब वह ज्वेलरी जब्त करने में लगी है जो टीआइ ने उसे खुद के रुपयों से दिलवाई थी। आरोपितों को सोमवार को कोर्ट भी पेश किया जाएगा।

एसीपी अशीष पटेल (अजाक) के मुताबिक हाकमसिंह ने इंदौर के पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में उपायुक्त कार्यालय की विविध शाखा में पदस्थ महिला एएसआइ व हाकमसिंह की कथित पत्नी रेशमा शेख को गिरफ्तार किया गया है। कपड़ा कारोबारी गोविंद जायसवाल अभी तक फरार चल रहा है। एएसआइ ने पूछताछ में बताया कि उसने हाकमसिंह से 10 लाख से ज्यादा का सामान (ज्वेलरी और इलेक्ट्रानिक) लिया था। पुलिस सामान के बिल तलाशने के लिए उसे सिलिकान सिटी स्थित घर भी लेकर गई। एसीपी के मुताबिक रेशमा और एएसआइ को आमने सामने बैठा कर पूछताछ की जा रही है। रेशमा ही उसके बारे में बता रही है कि टीआइ कब कब एएसआइ को रुपये देने जाते थे। यहां तक कि जो सामान रेशमा के लिए खरीदते थे वो एएसआइ को भी देते थे।

एक दूसरे से सामना करवा रहे जांच अधिकारी - रेशमा से टीआइ की गौतमपुरा पोस्टिंग के दौरान दोस्ती हुई थी। उसने बताया कि उससे उज्जैन रोड स्थित एक मंदिर में शादी कर ली थी। वह बायपास की एक टाउनशिप में रहने लगी थी। एएसआइ से तो करीब चार साल पूराने संबंध रहे है। दोनों में संबंध बन गए और वह ब्लैकमेल करने लगी।

## अमरनाथ यात्रा: मार्ग पर मलबा, पंचतरणी में फंसे इंदौर के 200 यात्री



**एजेंसी, इंदौर**

अमरनाथ दर्शन करने गए इंदौर के 200 से ज्यादा लोग यात्रा मार्ग पर फंसे हैं। इन्हीं में 7 जुलाई को रवाना हुआ बोल बम ग्रुप के 113 यात्रियों का जत्था भी है जिसे पंचतरणी में रोक दिया गया। यहां से अमरनाथ गुफा की दूरी करीब 6 किलोमीटर है। यात्रियों ने बताया पिछले दिनों बादल फटने के बाद कई जगह मलबा पड़ा है, जिसे हटाया जा रहा। साथ रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण पूरा मार्ग फिसलन भरा है। खतरे को देख स्थानीय प्रशासन ने आगे जाने की अनुमति नहीं दी। मौसम साफ रहा तो बाबा बर्फानी के दर्शन में एक-दो दिन और लग सकते हैं। हम भी दर्शन करके ही घर लौटेंगे।

### परिजन-रिश्तेदारों से मांग रहे मदद

बोल बम ग्रुप के प्रमुख हरीश यादव ने बताया बड़ी संख्या में यात्रियों के फंसे रहने से अब कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा। यहां एक दिन का टेंट का किराया 750 रुपए और जमीन पर सोने का किराया 500 रुपए देना पड़ रहा। ऐसे में रुपए खत्म हो रहे। उन्होंने बताया कई लोग पहली बार आए हैं। इनमें 13 साल के बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी हैं, जिनका खास ध्यान रखा जा रहा। यात्रा मार्ग पर पैर कीचड़ में धंस रहे थे। फिसलन का भी डर है। इसलिए यात्रा रोकी गई।

## जबलपुर के आसपास के जिलों में भारी बारिश, बालाघाट में एक व्यक्ति नाले में फंसा

**जबलपुर के आसपास के जिलों में भारी बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं**

**एजेंसी, जबलपुर**

जबलपुर के आसपास के जिलों में भारी बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं। बालाघाट में ग्राम उदासीटोला पांढरवानी लालबर्रा के नाले में एक व्यक्ति फंस गया है। मौके में पुलिस विभाग व ग्राम पंचायत लालबर्रा का अमला पहुंच गया

### लालबर्रा के बल्हारपुर में बाढ़ से चार मकान गिर गए

बालाघाट जिले की लालबर्रा तहसील में शनिवार की रात 12 बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक हुई वर्षा से नदी नाले उफान पर है। बल्हारपुर में बाढ़ की वजह से चार मकान गिर गए। साथ ही लालबर्रा तहसील कार्यालय और बोरी से बरघाट मार्ग पर पड़ने वाला नाला उफान पर है।





## पृष्ठ 01 का शेष... पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने किया विविध शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न







सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे और तृतीय वर्ष शिक्षित होकर आजीवन संघ के स्वयंसेवक रहे पं.मिश्र जैसे व्यक्तित्व बिरले ही मिलते हैं। शिक्षक के नाते अनेक संघ शिक्षा वर्गों में शिक्षक बनकर जाते रहे। पं.मिश्र पोस्टमास्टर से जीवन की शुरुआत कर झांसी में संघ के प्रचारक बने। महात्मा गांधी की हत्या के आरोप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध के समय उन्हें छह माह का कारावास हुआ। शिक्षा के प्रति उनकी रूचि का परिणाम था कि उन्होंने अपने चारों पुत्रियों को मास्टर डिग्री तथा बीएड तक शिक्षित करवाया। सभी पुत्रियां शिक्षण कार्य में हैं। वहीं एक पुत्री और पुत्र को डॉक्टर ऑड़ फिलोसोफी कराई।

साधनों की शुचिता व नैतिकता के पक्षधर श्री मिश्र ध्येय के प्रति समर्पित, दृढ़ निश्चयी व कठोर परिश्रमी रहे। जब लोग त्योहारों में प्रसन्नता मनाते, वे अपने कार्य में मौन रूप से लगे रहकर दीन-दुखियों के साथ सेवा में लगे रहते थे। समाज और राष्ट्र के लिए उनमें जो सेवा और समर्पण का भाव था, उससे वे महान साधक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। पर्यावरण से लेकर आध्यात्मिक चेतना के प्रति उनका चिंतन समाज को नई दृष्टि प्रदान करता रहेगा। इन्हीं बातों को चिरस्मरणीय बनाने हेतु सेवा न्यास कार्य कर रहा है। आज उनकी जयंती पर कई स्थानों पर विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**भीमकुंड धाम में स्वस्तिवाचन व वेदपाठ से दी गई श्रद्धांजलि:**

पूज्य दद्दा जी जयंती के अवसर पर भीमकुंड धाम में श्री नारायण संस्कृत पाठशाला में वेदपाठियों ने स्वस्तिवाचन किया। बैंडबाजों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज, नारायण आचार्य जी एवं अनेक शिक्षकों की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दद्दा जी के आध्यात्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने पर जोर दिया। संस्कृत पाठशाला में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणा से कार्य होते रहते हैं। लोगों ने इस तरह के आयोजन के लिए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रशंसा करते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के प्रति भी आभार जताया।

**धवर्रा खेल परिसर में भजन और वृक्ष वितरण कर किया स्मरण:**

18 जुलाई 2022 सोमवार को पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में अनेक कार्यक्रम संपन्न हुये। जिसमें प्रात: 7-30 बजे से कार्यक्रम का श्री गणेश राम नाम संकीर्तन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें न्यास के कार्यकर्ता एवं गांव के अनेक सम्माननीय नागरिकों एवं क्षेत्र से पधारे हुए न्यास के सहयोगियों के द्वारा दद्दा जी की आदमकद प्रतिमा पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दी। इसके पश्चात पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा पड़ोसी गाँव के किसानों को एवं नौगाँव से आए हुए किसानों को फलदार वृक्षों का वितरण किया गया। सभी किसानों ने यह वचन दिया कि हम इन पेड़ों को लगाने के पश्चात अपने पुत्र की तरह सेवा करके पालेंगे एवं अगली बार इन पेड़ों की प्रगति की फोटो साथ में लेकर के आएंगे।

इसके पश्चात न्यास के द्वारा किसानों को हाइब्रीड किस्म के सब्जी के बीज वितरण किए गए। जिसके हरेक पैकेट में 11 तरह की अलग-अलग प्रजाति लौकी, करेला, कद्दू, खीरा, सेम, तोरई आदि के बीज दिए गए। किसान अपने घर एवं खेतों में इनको लगाकर के अच्छी सब्जियां पैदा कर सकते हैं।समापन के अवसर पर सभी को फलदार पौधे एवं प्रसाद का वितरण किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति:**

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती आशा रावत पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सचिव एवं श्रीमती डॉ. रचना मिश्रा, श्री देवकीनंदन दुबे जी, अनूप मिश्रा, श्रीराम रिछारिया, श्री गणेश शंकर तिवारी, श्री श्रीपत राजपूत, रिंकू राजा, संतोष तिवारी, साहब राजा, प्रवीण दुबे, बृजेश बाजपेई, यादवेंद्र परिहार, पूरन रैकवार, राहुल राजपूत, राहुल दुबे, हैप्पी राजा, देवेंद्र राजपूत, मुकेश राजपूत, राकेश कुशवाहा, भूरे कुशवाहा, नारायण अनुरागी, बबलू पाल, भोले कुशवाहा, देवेंद्र अहिरवार, लखन लाल राजपूत, विनोद रैकवार, अजय राजपूत, मुरली लाल, जय प्रकाश द्विवेदी एवं गढ़ियाँ, घिसलनी, रावतपुरा, बीरपुरा, बंछौरा, खमा, चमरूआ, ददरी, बिलहरी एवं नौगाँव जैसे अनेक स्थान वासियों ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी।

आज के इस कार्यक्रम का उद्देश्य हरा भरा हो गांव अपना, सभी खुशहाल हों, सभी निरोगी रहें, इसके लिए सभी लोग वृक्ष लगाएं-पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं।

**सतना में सुंदरकांड पाठ एवं वृक्षरोपण कर दद्दाजी को किया याद:**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय नेह निकुंज, बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना में न्यास के प्रेरणास्रोत एवं वरिष्ठ समाज सेवी पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की 98 वीं जन्म जयंती पर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन पुष्पांजलि अर्पित करते हुए न्यास कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर दद्दाजी के जीवन को चिरस्मरणीय बनाए रखने के लिए सेवा न्यास कार्यालय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालुओं व भक्त जनों ने सुंदरकांड व भजन मडली में सम्मिलित होकर गायन करते हुए सुंदरकांड पाठ किया गया। तदुपरांत वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण अभियान के लिए वृक्ष भी प्रदान किये गये। श्रद्धालु भक्तजनों व कार्यकर्ताओं को वृक्ष वितरण करते हुए वृक्षों की सेवा करने का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देते हुए 5 वर्षों तक वृक्षों की सेवा करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर कहा गया कि हम अपने घर के आस-पास अपने घरों में पौधा रोपण करते हुए उसकी सेवा करेंगे।

कार्यक्रम में न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्णा पांडे, मनीषा सिंह, राजीव व्यास, अजय मिश्रा, अभिनव रंजन त्रिपाठी, महेंद्र तिवारी, अर्जुन तिवारी, उपेंद्र तिवारी, पदमधर द्विवेदी, जय प्रताप गुप्ता, विजय दुबे, करुणेश अनुरागी, अनिल सैनी, लवकुश बघेल, राकेश प्रताप, नीलम गुप्ता, संगीता सैनी, तरुणा तिवारी, रश्मि सैनी, माधवी विश्वकर्मा, शीलम सैनी, रमेश कुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, राजेश त्रिपाठी, नीलू एवं न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नई दिल्ली में मरीजों के बीच हुआ भोजन वितरण:**

आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी की 98 वीं जयंती पर देश की राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मरीजों के बीच भोजन का वितरण किया गया। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के अपने सूत्रवाक्य को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मरीजों को भोजन देकर दद्दा जी के बताए मार्ग को साकार किया है। श्री विष्णु मित्तल प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली, राकेश वर्मा, डॉ. एच.जी हेमल (बाल कैंसर विशेषज्ञ) डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सहित अनेक लोग उपस्थित थे। आओ साथ चलें के कार्यकर्ता उपस्थित होकर पांच सौ मरीजों को भरपेट भोजन वितरित किए व पुण्य लाभ प्राप्त किये।

## ब्रीफ न्यूज

### ग्रीन सी टर्टल की मौत प्लास्टिक पॉल्युशन की वजह से

**लंदन ।** ग्रीन सी टर्टल की मौत प्लास्टिक पॉल्युशन की वजह से होने के बारे में जब पता चला तो विशेषज्ञ चिंतित हो उठे। बीते रोज भूमध्यसागर के एक बीच के किनारे ग्रीन सी टर्टल मरा हुआ पाया गया। इस ग्रीन सी टर्टल की मौत प्लास्टिक पॉल्युशन की वजह से हुई थी। अडाना सिटी से करीब 430 मील दूर कराटास बीच पर इस टर्टल को मरा हुआ पाया गया है। ये टर्टल बॉटल के ढक्कनों, प्लास्टिक बैग्स के टुकड़ों और माइक्रोप्लास्टिक्स से ढँका हुआ था। माइक्रोप्लास्टिक्स से मतलब 5 एमएम व्यास से छोटे पार्टिकल्स से है जो फूड और ड्रिंक पैकेज और फिशिंग नेट्स वगैरह से निकलते हैं। यहाँ चारों तरफ बहुत छोटे आकार के प्लास्टिक्स बिखरे पड़े थे। दरअसल ये टर्टल जेलीफिश और क्रस्टैशिन्स समझकर प्लास्टिक के टुकड़े खा लेते हैं। इसी वजह से इन समुद्री जीवों की बड़ी संख्या में मौत हो रही है। सीबर्ड्स की तरह टर्टल प्लास्टिक को पूरी तरह निगल नहीं पाते और उनके गट्स ब्लॉक हो जाते हैं।

मंकीपॉक्स का प्रकोप आपातकाल की श्रेणी में आता है या नहीं

### 21 को विशेषज्ञ मंकीपॉक्स समिति की बैठक में होगा फैसला

**जिनेवा ।** क्या मंकीपॉक्स का प्रकोप वैश्विक आपातकाल की श्रेणी में आता है या नहीं। आगामी 21 जुलाई को होने वाली विशेषज्ञ मंकीपॉक्स समिति की बैठक में इसका फैसला होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि मंकीपॉक्स पर डब्ल्यूएचओ की आपातकालीन समिति की यह दूसरी बैठक होगी जिसमें 63 देशों में अब तक आये 9,200 मामलों की जानकारी दी जाएगी।

मई की शुरुआत से पश्चिम और मध्य अफ्रीकी देशों के बाहर मंकीपॉक्स के संक्रमण में वृद्धि दर्ज की गई है, जहां यह बीमारी बार-बार सामने आती रहती है। इससे पहले 23 जून को हुई मीटिंग में भी डब्ल्यूएचओ द्वारा इस बात पर चर्चा की गई थी कि क्या यह बिमारी पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न की श्रेणी में आती है। हालांकि, अधिकतर सदस्यों ने डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्येयियस को सलाह दी कि अभी स्थिति इतनी भी बेकाबू नहीं हुई है।

### इस साल के अंत तक लाल सागर के तिरान द्वीप से वापस चले जाएंगे अमेरिकी सैनिक

**रियाद ।** अमेरिका ने ऐलान किया है कि इस साल के अंत में रणनीतिक तौर पर अहम लाल सागर के तिरान द्वीप से अमेरिकी सैनिक वापस चले जाएंगे। अमेरिका ने शांति दल के तौर पर अपने सैनिक यहां पर तैनात किए हैं। माना जा रहा है कि इससे आने वाले दिनों में इजरायल और खाड़ी के इस अहम देश के बीच आपसी संपर्क के मौके बढ़ सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से इस पर एक बयान जारी किया गया है।

उन्होंने बयान में कहा है कि कई माह की शांत और लगातार कूटनीतिक प्रयासों का शुक्रिया कि हम एक समझौते पर पहुंच गए हैं, जिसमें तिरान के लाल सागर द्वीप पर अंतरराष्ट्रीय शांति सैनिकों को रवाना किया जाएगा। इस इलाके को एक ऐसे इलाके में तब्दील किया जाएगा जो शांतिपूर्ण पर्यटन और आर्थिक विकास का केंद्र होगा। इजिप्ट ने लाल सागर के दो छोटे द्वीपों तिरान और सानाफिर को साल 2016 में सऊदी अरब को दे दिया था। ये अभी तक ऐसे ही पड़े हैं और इनकी रणनीतिक अहमियत बहुत ज्यादा है। इनके सीमाई क्षेत्र को अभी इजरायल की तरफ से पहचाना जाना है और इसके बाद ही इनका हक स्थानांतरित किया जा सकेगा। यहां से शांतिदलों को हटाने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि यहां की स्थिति को सुलझाया जा सके। यह जगह बहुत ही उलझी हुई है। जिस जगह ये द्वीप हैं उनका इतिहास बहुत ही पेचीदा रहा है। जब यहां से शांति दल रवाना हो जाएंगे तो इजरायल और सऊदी अरब के बीच आपसी भरोसे का निर्माण हो सकेगा।



यूनान में यूक्रेन की कंपनी के एंटोनियो एन 12 कार्गो जहाज का पड़ा हुआ मलबा।

# शराब के सेवन से युवाओं में भी बढ़ जाता है स्वास्थ्य का जोखिम

**एजेंसी, वाशिंगटन**

युवाओं को ज्यादा उम्र वाले लोगों की तुलना में शराब के सेवन से अधिक स्वास्थ्य जोखिम का सामना करना पड़ता है। प्रमुख शोध पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में यह बात कही गई है। भौगोलिक क्षेत्र, आयु, लिंग और वर्ष के आधार पर शराब से जुड़े जोखिम के बारे में यह पहला अध्ययन है।

अध्ययन में कहा गया है कि दुनिया भर में शराब की खपत की सिफारिशें उम्र और स्थान पर आधारित होनी चाहिए, जिसमें सबसे सख्त दिशानिर्देश 15-39 साल के आयु वर्ग के पुरुषों के लिए लक्षित हों। अध्ययन में कहा गया है कि इस उम्र समूह में शराब के सेवन से स्वास्थ्य का जोखिम बढ़ जाता है। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि अगर कोई गंभीर बीमारी नहीं हो तो 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों को कम मात्रा में शराब के सेवन से कुछ लाभ मिल सकता है। ऐसे में इस समूह को हृदय रोग, हृदयाघात और मधुमेह का जोखिम कम होता है। शोधकर्ताओं ने 204 देशों में शराब के सेवन के अनुमानों के आधार पर गणना की कि 2020 में 1.34 अरब लोगों ने हानिकारक मात्रा में इसका सेवन किया। शोधकर्ताओं ने कहा कि हर क्षेत्र में, असुरक्षित मात्रा में शराब पीने वाली आबादी का सबसे बड़ा वर्ग 15-39 साल के आयु वर्ग के पुरुष थे और इस आयु वर्ग के लोगों को शराब पीने से स्वास्थ्य लाभ नहीं होता।

**रूस-यूक्रेन जंग | दोनों पर रूस का साथ देने के आरोप लगे थे**

# जेलेंस्की ने यूक्रेन के सिक्योरिटी चीफ और प्रासीक्यूटर जनरल को बर्खास्त किया

**एजेंसी, कीव/मॉस्को**

24 फरवरी से रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुई जंग 5 महीने से जारी है, लेकिन इसका अभी अंत या इस पर कोई समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। इसी बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने खुफिया और सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख और अभियोजक जनरल को निकाल दिया है। जेलेंस्की ने कहा- सुरक्षा प्रमुख इवान बाकानोव और अभियोजक जनरल इरीना वेनेडिक्टोवा को बर्खास्त कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ही अधिकारियों के रूस का साथ देने के मामले सामने आए थे। कार्यालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मचारियों की देशद्रोह और रूस का साथ देने के संबंध में अब तक 651 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।



## अब तक 353 यूक्रेनी बच्चों की मौत

रूस लगातार यूक्रेन पर मिसाइल हमले कर रहा है। इससे अब तक यूक्रेन में 353 बच्चों की मौत हो चुकी है। वहीं 662 बच्चे घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सबसे अधिक 353 बच्चों की मौत डोनेट्स्क क्षेत्र में हुई है। खार्किव में 191, कीव में 116 और खेरसॉन में 52 बच्चों की मौत हुई।

## यूक्रेनी सेना ने रूस के 38 हजार से ज्यादा सैनिक मार गिराए

वहीं, यूक्रेन भी रूस की कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। पिछले 24 घंटे में यूक्रेन ने रूस के 160 से अधिक सैनिकों को मार गिराया। 17 जुलाई तक यूक्रेन ने रूस के करीब 38,300 सैनिकों को ढेर किया है। यूक्रेन सशस्त्र बलों ने दुश्मन के 1,684 टैंक, 3,879 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 846 आर्टिलरी सिस्टम, 248 एंटी-एयरक्राफ्ट गन, 110 एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया। साथ ही 220 युद्धक विमान, 188 हेलीकॉप्टर, 688 यूएवी, 166 क्रूज मिसाइल, 15 युद्धपोत/कटर, 2,746 ट्रक-टैंकर नष्ट कर दिए।

## ग्रीस में यूक्रेन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ

यूक्रेन की मेरिडियन एयरलाइन ने ग्रीस में अपने An-12 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की। इस हादसे में सभी 8 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई है। यूनानी मीडिया ने कहा, विमान में 12 टन खतरनाक सामग्री ले जाई जा रही थी, जिसमें से ज्यादातर विस्फोटक थीं। दुर्घटना के बाद इलाके में तेज गंध फैल गई। एहतियातन लोगों को अपने घरों की खिड़कियां बंद रखने, घर से बाहर न निकलने और मास्क पहनने को कहा गया है।

## रूस में 100 से ज्यादा नए कानून पास

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 100 से ज्यादा नए कानून पास किए हैं। इनमें से कई कानूनों को यूक्रेन में चल रही जंग से जोड़कर देखा जा रहा है। रूस ने पास हुए कानूनों में एक कानून के मुताबिक अब रूसी अधिकारियों को किसी संदिग्ध शख्स को विदेशी एजेंट मान सकती है। इसके लिए उस शख्स के पास से विदेशी फंडिग मिलनी जरूरी नहीं है। उस शख्स को 20 साल तक की जेल हो सकती है।

**श्रीलंका में फिर इमरजेंसी | 4 महीने में चौथी बार आपातकाल लगा**

# कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने घोषणा की

**एजेंसी, कोलंबो**

गंभीर आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में । 4 महीने में चौथी बार इमरजेंसी लगा दी गई है। कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने आपातकाल की स्थिति की घोषिणा की। उन्होंने देश के हालात को देखते हुए ये कदम उठाया है। कंगाल हो चुके श्रीलंका में पहली बार राजपक्षे सरकार ने 1 अप्रैल को आपातकाल लगाया था। 5 अप्रैल को आपातकाल हटा दिया गया था। 6 मई को 20 मई तक दोबारा आपातकाल भी लगाया गया।



## 20 जुलाई को होगा राष्ट्रपति चुनाव

225 सदस्यीय संसद में 20 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। रानिल विक्रमसिंघे, साजिथ प्रेमदासा, अनुरा कुमारा दिसानायके और दुलास अल्हाप्परुमा ने नॉमिनेशन भरा है। 44 साल बाद सीक्रेट वोटिंग के जरिए राष्ट्रपति चुना जाएगा। बता दें कि 1978 के बाद पहली बार देश में जनादेश के माध्यम से नहीं, बल्कि राष्ट्रपति का चुनाव सांसदों के सीक्रेट वोट के माध्यम से होगा। आर्थिक संकट से गुजर रहे हालातों को देखते हुए और जन विद्रोह को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

## श्रीलंका में क्यों बिगड़े हालात

1948 में आजादी के बाद से श्रीलंका सबसे गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। यहां विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खाली हो चुका है। देश जरूरी चीजों का आयात नहीं कर पा रहा है। रोजमर्रा की जरूरत के सामानों के दाम आसमान पर हैं, खाने-पीने के सामान का संकट और ईंधन भी आसानी से नहीं मिल रहा। इन सबके चलते श्रीलंका के आम लोग सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। हाल ही में वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने बताया कि श्रीलंका में 60 लाख लोगों पर खाद्य संकट मंडरा रहा है।

## 90 साल की भारतीय वृद्धा रावलपिंडी में अपना पुश्तैनी घर देखने जाएंगी

**लाहौर ।** भारत की एक 90 साल की वृद्ध महिला पाकिस्तान के रावलपिंडी में अपने पुश्तैनी घर का दौरा करने के लिए शनिवार को जब वाघा-अटारी सीमा के रास्ते लाहौर में दाखिल हुई तो उसकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। रीना छिब्बर वर्मा लाहौर से सीधे रावलपिंडी रवाना हुईं, जहां वह अपने पुश्तैनी आवास 'प्रेम निवास' और स्कूल का दौरा करने के साथ ही बचपन के दोस्तों से मिलेंगी। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो में रीना ने बताया कि जब भारत और पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था, तब उनका परिवार रावलपिंडी के देवी कॉलेज रोड पर रहता था। उन्होंने कहा, मैं मॉडर्न स्कूल में पढ़ती थी। मेरे चार भाई-बहनों ने भी उसी स्कूल से शिक्षा हासिल की थी। वहीं, मेरे एक भाई और एक बहन ने मॉडर्न स्कूल के पास स्थित गॉर्डन कॉलेज से पढ़ाई की थी।

वर्मा ने कहा, मेरे बड़े भाई-बहनों के कई मुस्लिम दोस्त हुआ करते थे, जो अक्सर हमारे घर आते थे।

**ट्रेन से चांद और मंगल पर जाने की तैयारी**

# दूसरे ग्रहों तक ट्रेन चलाएगा जापान, चांद-मंगल पर मिलेगी धरती जैसी सुविधाएं

**एजेंसी, जापान**

जापान चांद और मंगल पर पृथ्वी जैसी रहने लायक पर्यावरण बनाने जा रहा है। इसके साथ ही पृथ्वी, चांद और मंगल को जोड़ने के लिए अंतर-ग्रहीय ट्रेनें भी चलाने वाला है। यह सुनने में अजीब लग रहा है, लेकिन यह सच है। इस प्रोजेक्ट के लिए जापान की क्योटो यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने काजिमा कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ गठबंधन किया है। टीम ने जीरो और लो ग्रेविटी वातावरण में मानव मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम के कमजोर होने से रोकने के लिए पृथ्वी जैसी सुविधा वाली ग्लास आवास संरचना विकसित करने के लिए इस योजना की घोषणा की। ग्लास में भी पृथ्वी जैसा पर्यावरण और ग्रेविटेशनल फोर्स होगा। इससे अंतरिक्ष में रहना आसान हो जाएगा। इस योजना के तहत ग्लास और अंतर-ग्रहीय ट्रेनों का प्रोटोटाइप बनाने में लगभग 30 साल लग जाएंगे।

## चांद और मंगल पर भी होगी पृथ्वी जैसी सुविधाएं

क्योटो यूनिवर्सिटी और काजिमा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने मिलकर एक अंतरिक्ष में रहने योग्य संरचना बनाने का लक्ष्य रखा है। इस कोनिकल संरचना का नाम 'ग्लास' है। ग्लास के अंदर बनावटी ग्रेविटेशन, ट्रांस्पोर्ट सिस्टम, पेड़-पौधे और पानी भी उपलब्ध होगी। पृथ्वी पर मौजूद सभी सुविधाओं को अंतरिक्ष में बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस संरचना को चांद पर 'लूनाग्लास' और मंगल पर 'मार्सग्लास' कहा जाएगा।

## अमेरिकी अरबपति मार्क क्यूबन अब तक नहीं भूले कि बिल गेट्स ने चुरा ली थीं उनकी गर्लफ्रेंड्स

**कैलिफोर्निया ।** अमेरिकी अरबपति मार्क क्यूबन ने बताया है युवावस्था में मशहूर कारोबारी बिल गेट्स ने उनकी फीमेल फ्रेंड्स के साथ दोस्ती करके उन्हें, उनसे दूर कर दिया था। 63 साल के मार्क इस समय दुनिया के जाने-पहचाने चेहरे हैं। वे शार्क टैंक के इनवेस्टर हैं और इस शो के साथ वह सुपरहिट हो चुके हैं। मार्क ने जो किस्सा सुनाया है वह सन् 1980 के दशक का है। उस दौर में लास वेगास में कुछ ऐसा हुथा, जिसे वह आज तक भुला नहीं पाए। मार्क ने बताया सन 1986 में कंप्यूटर ट्रेड शो कॉमडेक्स के दौरान यह घटना हुई थी। उस समय बिल की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट पहली बार सार्वजनिक हुई थी। मार्क ने कहा इसके बाद ही बिल गेट्स किंग ऑफ टेक बन गए। मार्क क्यूबन के मुताबिक उस समय उनकी उम्र करीब 26-27 साल रही होगी। उन्होंने बताया एक वह अपनी गर्लफ्रेंड के लिए शराब खरीद रहे थे और तभी गर्लफ्रेंड्स ने कहा कि उन्हें वॉशरूम जाना है। वे वॉशरूम गईं लेकिन फिर वापस नहीं लौटीं। उनके अचानक इस तरह से गायब होने से वह परेशान हो गए। इसी समय किसी ने उन्हें बताया कि बिल गेट्स उन लड़कियों के साथ वहां से बाहर निकल गए हैं। क्यूबन ने शिकायती लहजे में कहा कि बिल गेट्स ने मेरी गर्लफ्रेंड्स चुरा ली थीं।

**अमेरिका के मॉल में गोलीबारी | 3 लोगों की मौत, 2 घायल**

# आर्म्ड सिविलियन ने हमलावर पर फायरिंग कर उसे मार गिराया

**एजेंसी, इंडियानापोलिस**

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में एक मॉल में गोलीबारी हुई है। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई है। 2 लोग घायल हैं। एक आर्म्ड सिविलियन ने हमलावर को मार गिराया है। फिलहाल फायरिंग की वजह के बारे में पता नहीं चल सका है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना ग्रीनवुड पार्क मॉल की है। ग्रीनवुड पुलिस विभाग के चीफ जिम इसोन ने कहा- एक अज्ञात आदमी मॉल के फूड कोर्ट में घुसा। उसने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद एक मॉल में मौजूद एक अन्य नागरिक ने हमलावर पर गोली चला दी।



## संदिग्ध बैग भी मिला

इसोन ने कहा- मॉल इंडियानापोलिस से लगभग 16 किलोमीटर दूर है। यहां 130 से ज्यादा इनडोर और आउटडोर रेस्तरां और दुकानें हैं। गोलीबारी की इस घटना में कुल 4 लोगों की मौत हुई है। 2 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## आर्म्ड सिविलियन के पास थी हैंडगन

इसोन ने कहा- प्राइमरी इनवेस्टिगेशन से पता चला है कि जिस व्यक्ति ने हमलावर पर गोली चलाई उसके पास हैंडगन थी। इंडियाना में हैंडगन रखने पर कुछ प्रतिबंध हैं। क्रिमिनल बैकग्राउंड और 18 साल से कम उम्र के लोग हैंडगन नहीं रख सकते हैं। हम जांच कर रहे हैं कि हमलावर पर फायरिंग करने वाले की उम्र कितनी थी और उसका क्या बैकग्राउंड है। इसके पहले 5 जुलाई को इंडियाना में हॉलिडे पार्टी के दौरान फायरिंग हुई थी। इसमें 10 लोगों को गोली लगी थी, जिसमें से 3 की मौत हो गई थी। वहीं, 4 जुलाई को शिकागो में फ्रीडम डे परेड के दौरान फायरिंग हुई थी, जिसमें 7 लोग मारे गए थे।

## सिंगापुर पहुंचने पर गोटबाया राजपक्षे का विरोध, कुछ लोगों ने किया मौन प्रदर्शन

**सिंगापुर ।** श्रीलंका राष्ट्रपति पद से बेदखल किए गए गोटबाया राजपक्षे के पिछले गुरुवार को यहां पहुंचने पर सिंगापुर के कुछ लोगों ने मौन प्रदर्शन किया। गोटबाया के गुरुवार को सिंगापुर पहुंचने के तुरंत बाद पुलिस ने संभावित प्रदर्शनकारियों को कानून तोड़ने के परिणामों को लेकर आगाह किया। पुलिस ने कहा कि जनता, सिंगापुर के नागरिक, निवासी, वर्क पास धारक और सामाजिक आगंतुक समान रूप से स्थानीय कानूनों का पालन करें। खबरों में पुलिस का हवाला देते हुए कहा, 'सार्वजनिक सभा, जो अवैध है उसमें भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।' बनाई गई चेंज डॉट ओआरजी नामक याचिका में व्यवसायी रेमंड एनजी ने लिखा कि 'सिंगापुर गणराज्य के प्रति निष्ठा' के चलते उन्होंने, धन शोधन के आरोप में राजपक्षे के खिलाफ सिंगापुर में एक पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई है। शनिवार तक, 2,000 से अधिक लोगों ने याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं, हालांकि यह ज्ञात नहीं है कि इनमें से कितने विशिष्ट थे या सिंगापुर से थे। सिंगापुर के फैसले पर नाराजगी जाहिर करने के लिए कई श्रीलंकाई लोग ट्विटर पर सिंगापुर सरकार के ट्विटर अकाउंट को टैग भी कर रहे हैं।

**पाक कबायली परिषद 'जिरगा' ने महिलाओं के पर्यटन-**

# मनोरंजन स्थलों पर जाने से लगाई पाबंदी

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान महिलाओं की आजादी को लेकर संकीर्ण सोच रखता है अब यहां एक कबायली परिषद 'जिरगा' ने महिलाओं के पर्यटन और मनोरंजन के वास्ते सार्वजनिक स्थानों पर जाने से रोक लगा दी है और इसे 'अनैतिक' और इस्लामी सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। खबर के अनुसार बाजौर कबायली जिले में अति-रूढ़िवादी सालारजई तहसील की जिरगा (कबायली परिषद) ने शनिवार को घोषणा की कि यदि सरकार ने रविवार तक इस निर्णय को लागू नहीं किया तो जिरगा सदस्य इसे लागू करने के लिए इसे अपने हाथ में लेंगे। जिरगा का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) की स्थानीय इकाई द्वारा किया गया था, जो सत्तारूढ़ गठबंधन के मुख्य घटकों में से एक है। यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब विश्व आर्थिक मंच ने कुछ ही दिन पहले जारी अपनी वार्षिक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट में पाकिस्तान को दुनिया के साथ-साथ क्षेत्र में लैंगिक समानता के मामले में दूसरे सबसे खराब देश का स्थान दिया था।



इस बैठक में सालारजई तहसील के विभिन्न कबायलियों के वरिष्ठों के अलावा, क्षेत्र के कई जेयूआई-एफ नेताओं और धार्मिक हस्तियों ने हिस्सा लिया। इसका आयोजन जेयूआई-एफ जिला नेतृत्व द्वारा किया गया था। जेयूआई-एफ के जिला प्रमुख मौलाना अब्दुर रशीद और अन्य वक्ताओं ने शनिवार को सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिरगा का उद्देश्य ईद के दौरान उभरे कई मुद्दों पर चर्चा करना और उन्हें शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करना था।

जिरगा में शामिल वक्ताओं ने कहा कि यह गौर किया गया है कि पुरुषों के अलावा, कई स्थानीय महिलाएं अपने पति या अन्य रिश्तेदारों के साथ अथवा अकेले ही ईद की छुट्टियों के दौरान विभिन्न पर्यटन एवं पिकनिक स्थलों का दौरा करती हैं। जिरगा में दावा किया गया कि यह 'इस्लामी सिद्धांतों पर आधारित' स्थानीय रीति-रिवाजों और परंपराओं के खिलाफ है। वक्ताओं ने कहा कि पर्यटन और मनोरंजन के लिए उक्त स्थानों पर महिलाओं का जाना 'पूरी तरह से अनैतिक और अस्वीकार्य' है।

# विभागवार योजनाओं को गति प्रदान करें: जिलाधिकारी

## विकास कार्यों के 37 प्रपत्रों पर जिलाधिकारी ने की गहन समीक्षा बैठक

## जनपद के पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों के निर्माण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश

## आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों को गंभीरता से निगरानी करने के निर्देश

## पाइपलाइन डालने के बाद सम्बंधित विभाग सड़क मरम्मत कार्य अनिवार्य रुप से कराने के निर्देश



**ललितपुर।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों के 37 प्रपत्रों से सम्बंधित विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों के कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।

नई सड़कों के निर्माण की समीक्षा में बताया गया कि 44.26 कि0मी0 लक्ष्य के सापेक्ष माह तक 37.61 कि0मी0 कार्य करा लिया गया है, प्रगति 85 प्रतिशत है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

सेतु निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सौर नदी पर सेतु निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, नीमखेरा-बरखेरा सेतु का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 296098 कृषकों का डाटा फीड किया जा चुका है तथा 29997 में 25416 कृषकों का डाटा सुधारा गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफवर्ष 2021-22 के अंतर्गत 264710 एवं रबी वष्र 2021-22 के तहत 264710 कृषक बीमित हैं, माह में स्वीकृत दावों के सापेक्ष सभी को भुगतान किया जा चुका है। इस पर निर्देश दिये गए कि डाटा सुधार हेतु लंबित कृषकों का डाटा में शीघ्रातिशीघ्र सुधार करवाया जाए।

निराश्रित गौवंश एवं सहभागिता योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद की गौशालाओं में कुल 37711 गौवंश संरक्षित हैं। साथ ही गौवंश सहभागिता योजना के तहत 8077 गौवंश सुपुर्द किये जा चुके हैं। इस पर निर्देश दिये गए कि सभी खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में अस्थायी गौशालाएं बनवाकर गौवंश संरक्षित करें, साथ ही सहभागिता योजना में प्रगति बढ़ायें जाने के निर्देश दिये गए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में टीकाकरण का कार्य नियमित रुप से किया जा रहा है, प्राप्त वैक्सीन के सापेक्ष पूर्ति की जा रही है। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत जनपद में 421264 लाभार्थियों के सापेक्ष 131265 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं समस्त चिकित्सा इकाईयों पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं, साथ ही 102 नेशनल एम्बुलेंस सेवा की 16 तथा 108 नेशनल एम्बुलेंस सेवा की 22 एम्बुलेंस समस्त संसाधनों सहित क्रियाशील हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्रामीण स्तर पर चिकित्सा इकाईयों पर स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 402 सामुदायिक शौचालय निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 400 सामुदायिक शौचालय निर्मित करा लिये गए हैं, जिनकी ओ0डी0एफ0 प्लस एप पर जियो टैगिंग हो चुकी है। 86 पंचायत भवन निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष 80 पंचायत भवन निर्मित हैं, साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 3815 लक्ष्य के सापेक्ष 3665 की पूर्ति अर्जित कर ली गई है।

पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 1533 मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों में से 1442 एवं 170 के सापेक्ष 152 हैण्डपम्पों को रीबोर कराया गया है।

अमृत योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कई स्थानों पर पाइप लाइन डालने के बाद सड़क को ऐसे ही छोड़ दिया जाता है, यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है, अतः पाइपलाइन डालने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य अनिवार्य रुप से कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा के तहत बताया गया कि 20343 लाभार्थियों के सापेक्ष 19534 को प्रथम किश्त, 17163 को द्वितीय तथा 8765 को तृतीय किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। अब तक 15390 आवास छत स्तर तक पूर्ण हैं। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 13875 लाभार्थियों के सापेक्ष 13875 को प्रथम किश्त, 13730 को द्वितीय तथा 13484 आवास पूर्ण है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत बताया गया कि जनपद में 264332 राशनकार्डों के 937396 यूनिटों में 99.56 प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य हो चुका है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराया जाए, साथ ही रिक्त दुकानों के आवंटन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किया जाए।

बैठक में यह भी बताया गया कि कल्याणकारी योजनाओं में लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण में मड़ावरा ब्लॉक की प्रगति संतोषजनक नहीं है, इस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गए कि सभी खण्ड विकास अधिकारी 15 दिवस के भीतर आधार प्रमाणीकरण में प्रगति लायें।

कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा में बताया गया कि 813 ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष 651 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इस पर निर्देश दिये गए कि विभिन्न स्तरों पर लम्बित आवेदनों की सूची उपलब्ध करायें।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 09 आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 08 केन्द्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, शेष 01 केन्द्र पर निर्माण कार्य फिनिशिंग स्तर पर है। इस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये गए कि अपने एक कर्मचारी को दैनिक रिपोर्ट के लिए तैनात करें, साथ ही स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की निगरानी करें। साथ ही पोषण अभियान के तहत एनआरसी की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक विभाग को लक्ष्य आवंटित किये गए हैं, अधिकारी उन लक्ष्यों को समयसीमा के भीतर पूर्ण करायें, साथ ही आई0जी0आर0एस0 शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करायें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी डीएन सिंह, पीडी डीआरडीए एके सिंह, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, प्र0 मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय भाले, डीसी एनआरएलएम, अर्थ एवं संख्याधिकारी भानूप्रताप, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार सविता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, प्रधानाचार्य आईटीआई मानसिंह भारती, अग्रणी बैंक प्रबंधक कुमार गौरव, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## » न्यूज कैप्सूल

### श्रावण मास के पहले सोमवार को मंदिरों मे उमड़े श्रद्धालु

#### गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



**बानपुर।** भगवान शिव का पवित्र श्रावण मास का गुरुवार से प्रारंभ हो गया है व आज पहला सोमवार है जिसमें पहले सोमवार को सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्तो का तंता लगा रहा शिव मंदिरों मे ? नमः शिवय हर हर महादेव की जयजयकार हो रही थी. श्रद्धालुयों ने भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर धतूरा बेलपत्रि शिवि ?ल चढ़ कर पूजा अर्चना की व श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर सुख समृद्धि की कामना की कस्बे के बजरंग मंदिर, किले मैदान स्थित मोती सागर, राधा कृष्ण मंदिर, खेरापति मंदिर, अस्पताल के नर्वदेश्वर मन्दिरों मे विशेष जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई आप को बताते चलें कि सनातन हिंदू धर्म में सभी महीने, नक्षत्र आदि पूज्य हैं और सभी महीनों व अतिथियों आदि के अधिष्ठात्री देवता भी होते हैं। इसी परंपरा में श्रावण मास संवत का पांचवा महीना पड़ता है। श्रावण मास के अधिष्ठात्री देवता भगवान महादेव हैं। इसलिए श्रावण में भगवान शिव जी की पूजा सभी श्रद्धालु बड़े ही श्रद्धा व भाव से करते हैं। इस पवित्र महीने में शिव पुराण की कथा सुनना भी अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। उन्होंने कहा कि जो शिव कथा सुनते हैं भगवान गौरी शंकर उस श्रोता के हृदय में आकर के विराजमान हो जाते हैंव इस अवसर पर सभी के कल्याण की कामना की गयी ।

### रिद्धि कलश पुण्यार्जकों ने मुनिश्री से लिया आर्शीवाद

#### चातुर्मास में श्रावक करें धर्म ध्यान- मुनिश्री अभय सागर

**मडावरा( ललितपुर )।** वर्णीनगर मडावरा में आचार्य श्रेष्ठ 108 विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य अष्टम निर्यापक श्रमण मुनिश्री 108 अभय सागर, मुनिश्री प्रभात सागर, मुनिश्री निरीह सागर ससंघ का पावन वर्षायोग कलश स्थापना के साथ सम्पन्न हुआ ।चातुर्मास के तृतीय दिवस धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि जैन परंपरा में ऊं शब्द का महत्व है ।हमें किसी भी शुभ कार्य को करने से पूर्व ऊं शब्द को लिखना चाहिए। मुनिश्री ने बताया कि सकल चारित्र में पांचो पापों को त्याग करने की व्याख्या की गई है। चातुर्मास श्रावक की आत्म साधना का समय है ।वर्षाकाल में साधु आत्म साधना करते हैं ।श्रावक को धर्म साधना करने का सही समय चातुर्मास होता है ।श्रावक चातुर्मास में धर्म ध्यान करके अपने जीवन को सार्थक करें। चातुर्मास समिति के महामंत्री डां0 राकेश जैन सिंघई ने बताया कि चातुर्मास कलश स्थापना के दिवस रिद्धि कलश के पुण्यार्जकों को पुण्य प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त किया था। यह सौभाग्य सवाई सिंघई श्रेयांस कुमार जैन, जितेंद्र जैन, अनुराग जैन, अभिषेक जैन, सिंघई धीरेंद्र जैन, अंशुल जैन, प्रांजल जैन, सिंघई सुनील जैन, स्वप्निल जैन, कुंदनलाल जैन, देवेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार वडघरिया वर्धमान पापड ललितपुर, डां0 वीरेंद्र जैन, मयंक जैन, सिविल जज पंकज जैन, डां0 नीरज जैन, पंचम जैन, रिंकेश जैन, रूपेश जैन दुकान वालें, नरेंद्र कुमार, अविनाश सिलोनिया, शैलेंद्र वैद्य, मुन्ना लाल वैद्य, प्रकाशचंद्र, राजू सेठी, दीपक सेठी, अन्नू सेठी परिवार ने प्राप्त किया ।पुण्यार्जक परिवारों के सदस्यों का स्वागत चातुर्मास समिति के पदाधिकारियों ने किया।

### पेंषन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थियों को पोर्टल पर आधार एवं मोबाईल से लिंकेज कराना अनिवार्य

**ललितपुर।** पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला (विधवा) पेंषन योजनान्तर्गत पेंषन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थियों को पोर्टल पर आधार एवं मोबाईल से लिंकेज कराना अनिवार्य है। यदि लाभार्थियो का आधार/मोबाइल नम्बर लिंक न होने पर आधार वेस्ट पेमेंन्ट किये जाने में कठिनाई सम्भावित हैं, जिससे आधार/मोबाइल नम्वर लिंक न कराने वाले लाभार्थियों को विधवा पेंषन का लाभ नहीं मिल सकेगा। अतः उक्त कार्य की अनिवार्यता को देखते हुये जनपद ललितपुर के पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला (विधवा) पेंषन योजनान्तर्गत जनपद ललितपुर के पेंषन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थियों को अवगत कराना हैं कि आप सभी अपना आधार/मोबाइल नम्वर लिंक स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र, कम्प्यूटर सेन्टर पर जाकर निम्न प्रकार कर सकते हैं- किसी मोवाइल व कम्प्यूटर/लैपटॉप में किसी वेब व्राउजर पर`पोर्टल को ओपन करें,`चल पोर्टल पर ''निराश्रित महिला पेंषन /पकवू चमदेपवद'' विकल्प पर क्लिक करें, इसके बाद पोर्टल/वेवसाइट पर सफेद पट्टी पर लाल रंग से अंकित ''पुराने आवेदक पोर्टल पर अपना उवइपसम दवण् तमहपेजमतमक करते हुए स्वयं अपने आधार को ऑनलाइन सत्यापित करें'' विकल्प पर क्लिक करें। इसके पष्चात् मसमबज चमदेपवद बीमउम कॉलम में ड्राप डाउन मीनू का उपयोग करते हुये पकवू चमदेपवद पर क्लिक करें व अगले कॉलम में जिस खाते में पेंषन का भुगतान हो रहा हैं वह खाता संख्या दर्ज करें व अगले कॉलम में पेंषन रस्टिेश्रन नम्वर दर्ज करते हुये अपना मोबाईल नम्वर दर्ज करते हुये पर क्लिक करें, ओ0टी0पी0 व कैप्चा कोड अंकित कर सवमिट वटन पर क्लिक करें।

## प्रवेश सत्र अगस्त- 2022 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 07 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में संचालित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली में प्रवेश सत्र अगस्त-2022 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 07 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ है। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करने के लिये परिषद की बेवसाइट ीजजचरू्ऐबअजनचण्पद पर लॉगिन कर आवेदन फॅार्म भरना है। प्रवेश ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण शुल्क की देय धनराशि डेविड कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग/यू0पी0आई0 के माध्यम से कर सकते है, शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगें। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली में ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 31.07.2022 रात्रि 12.00 बजे तक है। अतः जनपद के समस्त छात्र/छात्राएं जो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश लेना चाहते है, अंतिम तिथि 31.07.2022 के रात्रि 12:00 बजे से पूर्व अपना ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर लें।

# बुन्देली कलाकारों के लिए मण्डलायुक्त की बड़ी सौगात



## सांस्कृतिक संवर्द्धन हेतु पूरे झाँसी मण्डल में 150.60 लाख रू0 का बजट सुरक्षित

**नगर निगम, झाँसी द्वारा कला, संस्कृति, साहित्य व पर्यटन को संरक्षित, सवर्द्धित करने हेतु 15 लाख रू0 का बजट आवंटित किया गया।**
**अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, झाँसी एवं जालौन द्वारा 50-50 लाख रू0 तथा जनपद ललितपुर द्वारा 02 लाख रू0 का बजट आवंटित किया गया।**
**मण्डलायुक्त द्वारा जिला पंचायत, ललितपुर को और बजट बढ़ाये जाने हेतु दिये निदेष।**
**जनपद झाँसी की 5 नगर पालिका परिशदों एवं 7 नगर पंचायतों द्वारा उक्त मद हेतु कुल 12.50 लाख रू0 का बजट आवंटित किया गया।**
**जनपद जालौन की 4 नगर पालिका परिशदों एवं 7 नगर पंचायतों द्वारा उक्त मद हेतु कुल 13.10 लाख रू0 का बजट आवंटित किया गया।**
**जनपद ललितपुर की 01 नगर पालिका परिशद एवं 3 नगर पंचायतों द्वारा उक्त मद हेतु कुल 8 लाख रू0 का बजट आवंटित किया गया।**
**जनपद झाँसी की नगर पंचायत, बड़ागांव द्वारा उक्त मद में धनावंटन न करने के कारण प्रतिकूल प्रविशिट निर्गत करने के निर्देष।**
**इस प्रकार झाँसी मण्डल में मण्डलायुक्त की प्रेरणा से कला, संस्कृति, साहित्य व पर्यटन को संरक्षित, सवर्द्धित करने हेतु कुल 150.60 लाख रू0 का बजट आवंटित किया गया।**

**ललितपुर।** प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के इतिहास में यह पहला अवसर है जब स्थानीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित, संवर्द्धित करने के लिये मण्डल की हर जिला पंचायत, नगर निगम, झाँसी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में बजट निर्धारित करने के निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त, डॉ0 अजय शंकर पाण्डेय द्वारा सघन मॉनीटरिंग और कड़े निर्देश के बाद नगर निगम, झाँसी द्वारा 15.00 लाख रू0, मण्डल की तीनों जिला पंचायतों में कुल 52.00 लाख रू0 एवं जनपद झाँसी की 05 नगर पालिका परिषद एवं 07 नगर पंचायतों में कुल 12.50 लाख रू0, जनपद जालौन की 04 नगर पालिका परिषद एवं 07 नगर पंचायतों में कुल 13.10 लाख रू0 इसीप्रकार जनपद ललितपुर की 01 नगर पालिका परिषद एवं 03 नगर पंचायतों में कुल 8.00 लाख रू0 का बजट स्थानीय स्तर पर कला, संस्कृति, का संरक्षित, संवर्द्धित करने के लिए आवंटित किया गया है। इसप्रकार झाँसी मण्डल में मण्डलायुक्त डॉ0 अजय शंकर पाण्डेय की प्रेरणा से कला, संस्कृति, साहित्य व पर्यटन को संरक्षित, संवर्द्धित करने हेतु कुल 150.60 लाख रू0 का बजट आवंटित किया जा चुका है तथा सांस्कृतिक गतिविधियां प्रारम्भ कर दी गयीं हैं।

ज्ञातव्य है कि मण्डलायुक्त, डॉ0 अजय शंकर पाण्डेय के निर्देशानुसार कला एवं साहित्य को पल्लवित एवं पुष्पित करने के लिए निम्न 08 समितियों का गठन किया गया है:-

1- साहित्य विंग

2- सांस्कृतिक विंग-नृत्य, गायन, लोककला एवं रंगमंच, चलचित्र

3- विशिष्ट कृषि उत्पाद संरक्षण एवं फ्लोरा/फना विंग

4- पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थल विंग

5- क्षेत्रीय व्यंजन एवं रीति-रिवाज विंग

6- जल संरक्षण विंग

7- हस्तशिल्प एवं उद्योग धन्धों से सम्बन्धित विंग

8- पर्ल्स ऑफबुन्देलखण्ड।

यहां यह भी उल्लेख किया जाना प्रासांगिक होगा कि अभी तक 2-4 कलाकारों के आयोजन कराकर सांस्कृतिक गतिविधियों को समाप्त कर दिया जाता था। मण्डलायुक्त, डॉ0 अजय शंकर पाण्डेय ने अब स्थानीय प्रशासन के लिए कला एवं संस्कृति को संरक्षित, संवर्द्धित करने के लिये जिम्मेदारी तय कर दी है और बजट निर्धारित होने के बाद इसकी कार्ययोजना को तैयार करने के निर्देश दिये गये। कार्ययोजना को तैयार करने में स्थानीय कलाकारों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये निम्न निर्देश सक्षम अधिकारियों को दिये गये-

1- स्थानीय कलाकारों को मुख्य रूप से स्थानीय कार्यक्रमों के आयोजन में शामिल किया जाय।

2- स्थानीय कलाकारों को गायन, नृत्य, वाद्ययंत्र, इत्यादि के लिए यदि धन की आवश्यकता हो तो उपलब्ध कराया जाय।

3- स्थानीय कलाकारों को अन्तर जनपदीय भ्रमण करने के समय आने वाले व्यय को बजट में शामिल किया जाय।

4- नगर पंचायत, बड़ागांव द्वारा कला, संस्कृति को संरक्षित, संवर्द्धित करने के लिए बजट का आवंटन स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी न करने पर अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, बड़ागांव को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत करने हेतु अपर आयुक्त (प्रशासन) झाँसी मण्डल, झाँसी को निर्देश दिये गये।

# एक परमात्मा और उसका वेद ज्ञान ही सनातन धर्म: आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी

## धर्म वा संप्रदाय? विषय पर व्याख्यान संपन्न



**महरौनी ( ललितपुर )।** महर्षि दयानंद सरस्वती योग संस्थान आर्य समाज महरौनी जिला ललितपुर के तत्वावधान में वैदिक धर्म के सही मर्म से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से संयोजक आर्य रत्न शिक्षक लखन लाल आर्य द्वारा पिछले एक वर्ष से आयोजित आर्यों के महाकुंभ व्याख्यान माला में 17 जुलाई 2022 को धर्म वा संप्रदाय विषय पर आचार्य विष्णु मित्र वेदार्थी बिजनौर ने कहा कि द्वापर युग में महाभारत काल तक सभी मनुष्य सनातन वैदिक धर्म के अनुयाई थे उस समय तक कोई मत संप्रदाय नहीं था किंतु महाभारत युद्ध के पश्चात वेद का ज्ञान वा उसके जानने और मानने वाले नहीं रहें, गुरुकुलीय शिक्षा का अभाव होने से अनेक मतों संप्रदाओ का चलन प्रारंभ हुआ। परमात्मा द्वारा वेद का उपदेश सम गच्छध्वम समवदध्वम अर्थात तुम सब एक साथ मिलकर चलो, सब एक सा बोलो, तुम सब ज्ञानियों के मन एक से हो। लोगों ने इस आदेश की जगह अपने अपने मत से लोगो में भ्रामक प्रचार सुरु कर दिया। महर्षि दयानंद जी से पूछा गया तुम नूतन को मानते हो, या पुरातन को ? तब उन्होंने कहा में न नूतन को मानता हूं न ही पुरातन को, में तो सनातन अर्थात सत्य को मानता हूं। जो सदा से हैं और सदा रहेगा जैसे परमात्मा एक हैं, धर्म भी एक हैं, सनातन एक हैं, काली रात्रि आती है पुनः प्रातः होता है वह पुरातन नहीं हैं बल्कि फिर नया होता हैं। हम एक ईश्वर की पूजा, एक वैदिक सनातन धर्म को भूल गए, अगर हम शुद्ध सनातन की बात करते हैं तो हमें उसकी सच्चाई को समझना होगा, इसके लिए हमें वेद और विद्वानों का संग करना होगा, तभी हम सच्चे सनातनी कहला सकेंगे। यजुर्वेद 40/1में कहा जो कुछ संसार में चर वा अचर हैं वह सब एक परमात्मा में व्याप्त हो रहा हैं उसको जान, और अपने धर्माचरण से आत्मा का आनंद भोग ।हम सब उस एक सनातन देव का पूजन करें जिसको ऋग्वेद में कहा है त्वम ही न पिता वसो हे सबको बताने वा सर्वत्र निवास करने वाले प्रभु तू ही हम सब का पिता हैं तू हीं माता हैं अतः हम तेरा उत्तम मनन करते हैं।

प्रसिद्ध गीतकार संगीतकार ललित मोहन साहिनी मुंबई ने भजन

ओ3म् नाम जप ले बन्दे, जीवन संवार ले ।त्याग और संयम से अपना जीवन गुज़ार दे ।।

व्याख्यान माला में मनोहर लाल शर्मा गुरुकुल चोटीपुरा, डॉक्टर यतींद्र कटारिया मंडी धनौरा, राम कुमार दुबे शिक्षक, अवध बिहारी तिवारी केंद्रीय शिक्षक कल्याणपुरा, अवधेश प्रताप सिंह बैंस, प्रो डॉक्टर व्यास नन्दन शास्त्री बिहार, आचार्य सुखवीर मुंबई, प्रो डॉ वेद प्रकाश शर्मा बरेली, चंद्रकांता आर्या, अनिल नरूला, प्रेम सचदेवा, सुमन लता सेन आर्य शिक्षिका, आराधना सिंह शिक्षिका, विमलेश सिंह, विवेक सिंह आर्य गाजीपुर, कृष्णा सोनी इंदौर, रामावतार लोधी दरौनी, सौरभ कुमार शर्मा एडवोकेट प्रयागराज, कमला हंस, चंद्र शेखर शर्मा राजस्थान, शैलेश सविता ग्राम प्रधान अलीगढ़, शिवकुमार यादव बिजौर निवाड़ी, आदि जुड़ रहें हैं।

संचालन संयोजक आर्य रत्न शिक्षक लखन लाल आर्य एवम आभार मुनि पुरुषोत्तम वानप्रथ ने जताया।

# अतिक्रमण हटाने के दौरान अज्ञात 8-10 व्यक्ति निवासीगण लेडियापुरा द्वितीय वार्ड नं0-12 के द्वारा शासकीय कार्य में वाधा उत्पन्न किया गया

**ललितपुर।** अनिल शर्मा पुत्र गंगाराम शर्मा द्वारा कार्यालय नगर पालिका परिषद, ललितपुर में ''नालियों से अतिक्रमण हटाकर नालियां साफ कराने के सम्बन्ध में'' आवेदन किया गया था, जिसका अधिशासी अधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए दिनांक- 16.07.2022 को अतिक्रमण हटाने हेतु कार्यालय के आदेश सं0-585/मु0कार्या0/ 2022-23 दिनांक-12.07.2022 के द्वारा निर्देश जारी किये गये थे। अतिक्रमण हटाने के दौरान गंगाराम शर्मा, अनिल शर्मा, राहुल शर्मा, पुत्र गंगाराम शर्मा एवं मनीष शर्मा पुत्र राहुल शर्मा व श्रीमती ऊषा पत्नी गंगाराम शर्मा, रीना पत्नी श्री राहुल शर्मा, योगेश शर्मा पुत्र श्री आशाराम शर्मा व श्री रोहित (किरायेदार) सहित अज्ञात 8-10 व्यक्ति निवासीगण लेडियापुरा द्वितीय वार्ड नं0-12 के द्वारा शासकीय कार्य में वाधा उत्पन्न करते हुए पालिका के अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ मारपीट, अभद्रता व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौच करते हुए उनके क्षेत्र में दिखने पर जाने से मारने की धमकी दी गयी, जिससे वार्ड स्वास्थ्य नायक व सफाई कर्मचारियों में जान-माल का खतरा बना हुआ है, जिस कारण उक्त वार्ड की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है, तथा उक्त घटना के साक्षी अधिकारी/ लिपिक/समस्त कर्मचारी स्वंय है। इसके अतिरिक्त वीडियों रिकॉर्डिग भी साक्ष्य के तौर पर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। साथ ही वहीं पर मुहल्लेवासियों द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से मा0 जिलाधिकारी महोदय, मा0 पुलिस अधीक्षक महोदय व अधिशासी अधिकारी महोदय, नगर पालिका परिषद ललितपुर को अवगत कराया गया कि अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री गंगाराम शर्मा, राहुल शर्मा पुत्र गंगाराम शर्मा, मनीष शर्मा पुत्र श्री राहुल शर्मा व इनके परिजन निवासी आजादपुरा, लेडिया देहरे मन्दिर के पास ललितपुर द्वारा मुहल्ले में अतिक्रमण होने की झूठी शिकायतें बार-बार की जाती है उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में दिनांक-16.07.2022 को नगर पालिका परिषद, द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। जिस पर शिकायतकर्ता अनिल शर्मा द्वारा स्वंय खड़े होकर मुहल्लेवासियों के आने-जाने वाले रास्तें, सरकारी पुलिया व दरवाजे पर आने जाने के लिये रखे पत्थर हटवा दिये थे, जबकि मुहल्लेवासी कोई अतिक्रमण नहीं किये हुए थे। फिर भी शिकायतकर्ताओं ने जबरजस्ती झूठी शिकायत कर आने-जाने वाले रास्तें की पुलिया व पत्थर हटवा दिये गये है अतः पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा कार्यालय के पत्र सं0-612/नजूल/2022-23 दिनांक-16.07.2022 के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली ललितपुर को दिये गये प्रार्थन पत्र के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली ललितपुर द्वारा मुकदमा तो पंजीकृत किया गया था, लेकिन उक्त लोगों की गिरफ्तारी नहीं की गयी। जिस कारण नगर पालिका के कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है, यदि 24 घण्टे के अन्दर उक्त लोगों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो पालिका के समस्त अधिकारी/लिपिक/ कर्मचारियों को मजबूरन सफाई/निर्माण/टैक्स व पालिका के अधीन समस्त कार्यो जैसा महत्वपूर्ण कार्य वाधित कर ह?ताल करने के लिए बाध्य होना प?ेगा, पालिका के अधिकारी/ लिपिक/ समस्त कर्मचारियों के द्वारा मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन लखनऊ, प्रभारी मंत्री नन्दी गोपाल उ0प्र0 शासन लखनऊ, आयुक्त, झांसी मण्डल झांसी, को प्रतिलिपि के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रेषित कर उक्त दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनीय कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी।

# अदालत ने किया गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत को दोष मुक्त

## 2017 में थाना एरच में दर्ज कराया गया था मुकदमा



**झांसी।** न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0/ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट /विशेष न्यायालय एम0पी0 एम0एल0ए0, कन्हैया जी की अदालत में विचाराधीन एक मामले में गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत को दोषमुक्त करार दिया गया है।

जानकारी देते हुए कुमार वैभव तिवारी एड ने बताया कि वादी मुकदमा रमेश सिंह यादव प्रभारी

निरीक्षक थाना एरच ने एक तहरीर भारतीय जनता पार्टी किसान नेता जवाहर लाल राजपूत के विरूद्ध दी थी कि धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता के आदेश के उल्लंघन करते हुए बिना अनुमति के 04 जनवरी 2017 को करीब 4 बजे शाम वह अपने 10- 12 साथियों सहित ग्राम इस्किल में भा. ज. पा. को अपील करते हुये एकत्र हुये जिसमें सशस्त्र भी थे। इस सम्बन्ध में एन0सी0आर0 पंजीकृत कर धारा 188 भा0दं0सं0 के अन्तर्गत आरोपपत्र विचारण हेतु

न्यायालय में प्रेषित किया गया था।श्री राजपूत न्यायालय में उपस्थित हुये तथा उनके द्वारा अपनी जमानतें कराई गई। उक्त मामले में सुनवाई उपरांत न्यायालय द्वारा अभियुक्त जवाहर लाल राजपूत पुत्र किशोरी शरण राजपूत को धारा-188 भा0द0सं0 के आरोप से दोषमुक्त करार दिया गया है।

# भोले शंकर बलखण्डेश्वर व बाबा मंशानाथ का किया रूद्राभिषेक

## हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से गूँजा सूर्यमुखी पहाड़

**झाँसी।** प्राचीन सूर्यमुखी सैंयर पहाड़ पर स्थित श्री पंचदंश नाम जूना अखाड़ा नागा सन्यासी आश्रम बलखण्डेश्वर बूढ़े महादेव धाम व सूर्यमुखी चोटी पहाड़ पर स्थित बाबा मंशानाथ का शिव भक्तों द्वारा भोर पहर को श्रावण मास के पहले सोमवार को ओम नम:शिवाय का महामंत्र जाप व हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से सूर्यमुखी पहाड़ गूंज उठा।शिवभक्तों ने मंत्रोच्चारण कर भोलेनाथ बलखण्डेश्वर व बाबा मंशानाथ का जलाभिषेक,रूद्राभिषेक कर बेलपत्र.शमी पत्ती, शहद, चीनी, दूध ,दही ,घी ,पंचामृत से अभिषेक किया और भव्य मनोहारी श्रंगार पूजा अर्चन महाआरती कर सुख समृद्धि की कामना की ।भोलेशंकर का प्रसाद वितरण किया गया जो कि भक्तगणों ने श्रद्धापूर्वक गहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।इस अवसर पर धाम के महन्त योगी आनन्द गिरि महाराज नागा फक्कड बाबा,तपस्वी,अंजनी गिरिमहाराज नागा बाबा, श्रीराम गिरि महाराज अलख प्रसाद दुबे, विजय मुखिया , मलखान सिंह, राजकुमार राजू यादव, श्रीमती रेखा यादव प्रधान सैयर, कामता प्रसाद यादव ,धर्मेन्द्र भोला, बी0आर0 निषाद पत्रकार बाबा बट्टा गुरू, राजकुमार ध्वानी, मनोज वर्मा, किशन सिंह पहलवान , सुन्दर लाल प्रजापति ,शेरसिंह शेरा, नन्दराम , शाकूराम आदि शिव भक्तगणों ने श्रावण मास के पहले सोमवार को पूजा अर्चना अभिषेक कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

# सूचना न देना बी डी को बमौर को पड़ा भारी, लगा 25 हजार का जुर्माना

## मुख्य विकास अधिकारी को दिए वेतन से रुपयों की वसूली के आदेश

**झाँसी।** किसान नेता गौरीशंकर विदुआ द्वारा मांगी गई सूचना का जवाब नहीं देना खंड विकास अधिकारी बामोर को महंगा पड़ा है सूचना न देने पर राज्य सूचना आयुक्त ने खंड विकास अधिकारी बामोर को ?25000 का जुर्माना अदा करने का निर्देश दिया है. यह धनराशि खंड विकास अधिकारी बामोर के वेतन से काटी जाएगी द्य किसान नेता गौरीशंकर विदुआ ने 20/09/2021 को विकास खंड बामौर के ग्रामीण क्षेत्रों में कराए गए कार्यों की सूचना जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी थी। जन सूचना अधिकारी खंड विकास अधिकारी ने आरटीआई कानून को गंभीरता से ना लेते हुए गौरीशंकर विदुआ को सूचना उपलब्ध नहीं कराई. प्रथम अपील एवं द्वितीय अपील एवं राज्य सूचना आयोग से भेजे गए नोटिस को भी खंड विकास अधिकारी बामोर द्वारा उल्लंघन किया गया। जन सुनवाई के तहत सूचना आयुक्त श्रीमती किरण वाला चौधरी की अदालत ने खंड विकास अधिकारी विकासखंड बामोर को सूचना न देने तथा सूचना आयोग की उपेक्षा का दोषी मानते हुए 25000 का अर्थदंड लगाया तथा लगाए गए अर्थदंड को वेतन से काटने के आदेश से मुख्य विकास अधिकारी झांसी को आदेशित किया। किसान नेता गौरीशंकर विदुआ ने कहा कि बुंदेलखंड में जन सूचना अधिकार कानून का लगभग सभी विभाग उल्लंघन कर रहे हैं मांगी गई सूचनाएं दो 2 साल बाद भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं राज्य सूचना आयुक्त द्वारा जन सूचना अधिकारी को दंडित करना आरटीआई की उपेक्षा करने वाले अधिकारियों के लिए एक सबक है आगे भी यदि समय पर सूचनाएं नहीं दी गई तो अन्य विभाग के अधिकारी भी दंड के भागी बनेंग।

# ताजिया कमेटी ने की मोहर्रम पर्व पर व्यवस्थाओं की मांग

## जिलाधिकारी, एसएसपी व नगर आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल, कराया समस्याओं से अवगत



**झांसी।** ताजिया कमेटी के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाध्यक्ष याकूब अहमद मंसूरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ,नगर आयुक्त से भेंट कर मुहर्रम के पर्व पर विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु सहयोग मांगा।चन्द दर्शन के अनुसार मात्र 12 या 13 दिन बाद मोहर्रम का पर्व शुरू हो जायेगा और मोहर्रम की पहली तारीख से इमाम बाड़ों पर ताजिया, अखाड़ा व बुराकों का प्रदर्शन शुरू होगा।मोहर्रम की 10 तारीख को शहर के अधिकांश ताजियो का विर्सजन लक्ष्मी तालाब स्थित कर्बला में किया जाता है, लक्ष्मी तालाब का पानी सफाई की बजह से निकाल दिया गया है जिस कारण कर्बला के चौपड़ा में भी पानी कम है और गन्दगी, पत्थर आदि से चौपड़ा भरा पड़ा है। इसलिए कर्बला (चौपड़ा) की सफाई कराई जाए ताकि ताजियों के विसर्जन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो ।बताया कि इसी प्रकार कुरैश नगर का जातिया काफी बड़ा बनाया जाता है। यह तालाब के किनारे स्थित कुये में विसर्जित किया जाता है इसलिए चौपड़ा व कुये की सफाई कराई जाए। अधिकांश ताजियाधारी मेवातीपुरा, इतवारीगंज, दरीगरान, विसात खाना, अन्दर ओरछा गेट, बाहर ओरछा गेट, देवलाल चौबे का अखाडा, आदि क्षेत्रों में है। मोहर्रम के पर्व पर इन क्षेत्रों में नाली व सड़क की सफाई कराये जाने, खास तौर पर मोहल्ला

कराये जाने की मांग की गई। इसके अलावा पेड़ो की झुकी डालियों को कटवाये जाने, मोहर्रम की 10 तारीख को लक्ष्मी तालाब के इर्द गिर्द क्षेत्र में सुअरों का विचरण रोके जाने , लक्ष्मी तालाब पर गोताखोरों की व्यवस्था व लाईट हेतु जनरेटर

की व्यवस्था के साथ ही विद्युत की सप्लाई 10 दिन सुचारू रूप से किये जाने की मांग की गई।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति जिले भर की समस्याओं के निराकरण के लिए शान्ति समिति की बैठक नगर निगम सभागार में शीघ्र बुलाई जाए सके।प्रतिनिधि मण्डल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नूर अहमद मंसूरी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष जुम्मन खान, नियाजउद्दीन, कोषाध्यक्ष सलीम उद्दीन अंसार, हबीब खान, तबरेज खान एड0, अली अहमद,आजाद खान, पप्पू कुरैशी, बाबू पठान, सिराजउद्दीन, इमामी, वली मोहम्मद, सम्मी खां आदि उपस्थित रहे।

# डीआईओएस कार्यालय की लापरवाही के चलते एनपीएस ने का क्रियान्वयन अधर में लटका

## माध्यमिक शिक्षकों ने धरना देकर किया विरोध



**झाँसी।** उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक जनपद झाँसी इकाई ने प्रान्तीय आहवान पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रदेश स्तरीय नौ सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष ब्रजमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रान्तीय उपाध्यक्ष जगदीश व्यास ने पुरानी पेंशन बहाली करने के लिये जोर दिया। मण्डल प्रभारी गिरन्द्र सिंह कुशवाह ने राजकीय कर्मचारियों की भाती चिकित्सीय सुविधा माध्यमिक शिक्षकों कर्मचारियों को भी आच्छादित करने की माँग की। मण्डल अध्यक्ष डॉ0 मनोज कुमार मिश्र ने बताया है जनपद झाँसी सहित कई जनपदों म एनपीएस के क्रियान्वयन की दुर्दशा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों द्वारा ध्वस्त कर दी है यह ही नहीं सेवानिवृत्ति हो चुके एनपीएस शिक्षकों आज तक नगदीकरण और पेंशन के लिए कार्यालय में भटक रहे है. संचालन कर रहे जिलामंत्री संजय कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यालय निरीक्षक कार्यालय में एरियर्स, नवनियुक्ति शिक्षकों के प्रान नम्बर अभी तक आवंटित नहीं हुए, और वेतन भी प्राप्त नहीं हुए अंत जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओमप्रकाश जी द्वारा ज्ञापन लिया और इसके उपरान्त जुलूस के रूप में सभी शिक्षक नारेवाजी करते हुये डी0एम0 कार्यालय झाँसी पहुचकर उनके प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी को नौ सूत्रिय मॉग पत्र मुख्यमंत्री के नाम संबोधित को सौपा। धरने पर बैठने वालों में महेन्द्र भारती, संगम सिंह, शीलेन्द्र वर्मा, संदीप जायशववाल, प्रदुम्न दुवे, डॉ0 अरविन्द्र यादव, रवीश त्रिपाटी, डॉ रूद्र प्रताप यादव, सीमा चौहान, आशा अडजरिया, देवेन्द्र पटेल (कोषाध्यक्ष), अनिल भारती, वीरेन्द्र चन्द्र, अनिल जायसवाल, डॉ0 अनिल कुमार, राजीव अग्रवाल, राजीव त्रिपाठी, मुकेश जैन, नैकिराम महोर, अशोक करारिया, अशोक पाठकर, डॉ0 दिवाकर, विक्रम सिंह, मुकेश नायक, अशोक दोहरे, महेश तिवारी, रोविन्शन दास, सतेन्द्र यादव, रविन्द्र गौर, अमित गौर, राजीव नायक, चन्द्रकान्त गुप्ता, शिवराम वर्मा, शतेन्द्र प्रताप सिंह, सुनिल यादव, ओमप्रकाश दांगी, हरिप्रकाश निरन्जन, संजीव त्रिपाठी, देवेन्द्र साहू, लोकेन्द्र यादव, विजय प्रताप मीडिया प्रभारी, देवेन्द्र वर्मा, प्रमोद वर्मा, विनोद चतुर्वेदी, सुमन कुमारी बुन्देला आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे .आभार ज्ञापित प्रदुम्न दुवे ने किया .प्रदेश कार्यकारणी सदस्य द्वारा किया गया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विजय प्रताप ने दी।

# भव्यता के साथ निकाली गई महा जलाभिषेक यात्रा



**झाँसी।** श्रावन मास के प्रथम सोमवार को हिंदू जागरण मंच द्वारा विशाल जलाभिषेक यात्रा का आयोजन किया गया यह जलाभिषेक यात्रा झोकन बाग से प्रारंभ होकर सैयर गेट, ओरछा गेट होते हुए कसाई मंडी स्थित शिव मंदिर पर समाप्त हुई .

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे .शोभा यात्रा की शुरुआत में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लिए यात्रा की शोभा बड़ा रही थी उसके पीछे पांच डीजे पर भगवान शिव के भक्ति गीतों पर जनमानस झूमते नाचते हुए यात्रा का आनंद ले रहे थे।

यात्रा की समाप्ति पर पूजा अर्चना की एवं आरती कर प्रसाद वितरित किया। जलाभिषेक यात्रा के संयोजक एवं सहकार भारती के विभाग संयोजक डॉ0 संदीप सरावगी रहे.

शोभायात्रा में हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष जयदीप खरे, हिंदू जागरण मंच की प्रांतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य किशोर तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक सक्षम , विशिष्ट अतिथि के रूप में मनमोहन गेड़ा एवं प्रदीप सरावगी, हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय सह संयोजक राजेश नायक, प्रांतीय सह संयोजक युवा वाहिनी पुरकेष अमरया, जिला उपाध्यक्ष विवेक अरोरा एवं वीरेंद्र सिंघल, जिला कोषाध्यक्ष धरणेन्द्र जैन, जिला महामंत्री अमन रायकवार, महानगर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजावत, राजीव गर्ग, श्रीराम नरवरिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ0 संजय मोदी एवं जिला महामंत्री डॉ0 विक्रम आनंद एवं संघर्ष सेवा समिति से सुशांत गेड़ा, बसंत गुप्ता, राजू सेन, राकेश अहिरवार, ऐश्वर्य सरावगी, विशाल पिपरिया, विकास पिपरिया, धर्मेंद्र खटीक, शशांक श्रीवास्तव, लखन अहिरवार, संदीप नामदेव एवं युवा वाहिनी से जिलाध्यक्ष छोटू कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष रवि खटीक, जिला महामंत्री आकाश वर्मा, महानगर महामंत्री कार्तिकेय पचौरी, मंत्री प्रतीक वर्मा, अरुण कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, नगर अध्यक्ष चिंटू, गोलू बाल्मिकि, प्रखर चौरसिया, अंशुल पटेल, गौरव बाल्मिकि, मोहित रायकवार, भूपेंद्र, विपिन खटीक, हिमांशु गुप्ता, विवेक गुप्ता, रोहित मेहरोलिया, भानु राय, अमन कुशवाहा, अर्जुन रायकवार, हर्षित कनौजिया, अर्जुन सरकार, पोम्पी, धर्मेंद्र, मयंक यादव, मोहित अग्रवाल, गोल्डी ठाकुर, केशव गोहर, विनय सोनकर, महेंद्र खटीक, रिक्की खटीक, सुमित कश्यप, योगेश कुशवाहा, नमन राय, जितेंद्र प्रजापति, जितेश, रोनित, अमन अहिरवार आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं भक्तजन उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सारी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रही सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी नगर राजेश राय, नवाबाद थाना प्रभारी सुधाकर मिश्र, कोतवाली थाना प्रभारी तुलसीराम पांडे, उप निरीक्षक अंकित सिंह राजावत, आरक्षी के के तिवारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा। यात्रा की समाप्ति के पश्चात हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष जयदीप खरे ने समस्त कार्यकर्ताओं, भक्त जनों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# एमडीएम की कन्वर्जन कास्ट बढ़ाए जाने की मांग को लेकर शिक्षकों ने डीएम को दिया ज्ञापन

**झांसी।** परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की प्रवर्तन लागत , फल और गेहूं चावल की सीमा बढ़ाये जाने के सम्बंध में । जिलाधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा को एक ज्ञापन अध्यक्ष सुनील पांडे एवं मंत्री राकेश गुबरेले के नेतृत्व में भेजा गया। जिंसके माध्यम से संगठन ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को श्रीमान जिलाधिकारी झांसी के माध्यम से अवगत कराया कि विगत कई वर्षो से मध्यान्ह भोजन की प्रवर्तन लागत , फलों की कीमत एवं गेंहू चावल की सीमा में कोई बृद्धि नही की गई है। वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय में प्रति छात्र 4.97 रु एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 7.45 प्रति छात्र प्रवर्तन लागत में भजन करा पाना असम्भव है , वही ओर फल 4 रु प्रति छात्र निर्धारित जबकि उक्त राशि मे बाजार कोई फल उपलब्ध नही है। प्राथमिक में 100 ग्राम तथा उच्च प्राथमिक में 150 ग्राम गेंहू चावल निर्धारित है जिसमे छात्र का संतुष्ट पूर्ण भोजन सम्भव नही है। अत: संगठन ने शासन से मांग की है कि प्राथमिक की प्रवर्तन लागत 4.97 रु से बढ़कर 8 रु तथा उच्च प्राथमिक की प्रवर्तन लागत 7.45 से बढाकर 12 रु तथा प्रति छात्र फल की राशि 4 रु से बढ़ाकर 8 रु करते हुए प्राथमिक में गेहूं चावल 100 ग्राम से बढ़ाकर 150 ग्राम तथा उच्च प्राथमिक में 150 ग्राम से बढ़ाकर 200 ग्राम की जाए। ज्ञापन देने वालों में कमलेश परिहार , धीरेंद्र पाल सिंह , निर्दोष पुरोहित , ओम प्रकाश साहू , राजेन्द्र वर्मा , अजयमंगलम , जितेंद्र त्रिपाठी , मनोज उपाध्याय , आसिफ खान , रामेश्वर पाल , के के रिछारिया आदि उपस्थित रहे ।

# किशोरी के अपहरण के आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त

**झांसी।** बहला फुसलाकर कर किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र प्रभारी सत्र न्यायाधीश शक्तिपुत्र तोमर द्वारा निरस्त कर दिया गया।

जिला शासकीय अधिवक्ता मृदुल कान्त श्रीवास्तव के अनुसार वादी मुकदमा ने 07 मई 2022 को थाना सीपरी बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष को सोनू कुशवाहा 05 मई को समय करीब 12 बजे दिन में अपने साथ भगा ले गया जिसकी

जानकारी सोनू कुशवाहा के दोस्तों को है। सोनू कुशवाहा पुत्र पूरन कुशवाहा निवासी बाहर बड़ागाँव गेट शमशान के पीछे के खिलाफ धारा 363,366 भा0द0सं0के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अभियुक्त सोनू कुशवाहा की ओर प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई उपरांत पर्याप्त आधार नहीं पाते हुए न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया।

# हाईवा की चपेट में आ कर एक व्यक्ति की मौत



**झाँसी।** सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के पहुज़ मंडी के पास सोमवार की सुबह हाईवा चालक की गलती से युवक की जान चली गई, मंडी के दुकानदारों ने हाइवा डम्फर में फंसे युवक को बाहर निकालने की पूरी कोशिश की, लेकिन उस वक्त तक युवक की मौत हो चुकी थी, जानकारी मिलने पर सीपरी बाजार पुलिस मौके पर पहुंची, मिले सुनील के कागजात जिसके बाद कागजात के आधार पर कलसी का बगीचा सीपरी बाजार सुनील श्रीवास का आधार कार्ड मृतक की जेब से मिला है, इस आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है, बैक करते वक्त हुआ हादसा पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद मंडी के दुकानदार सड़क पर अपना ठेला लगाते हैं दुकान लगाते हैं, जिसकी वजह से ग्राहकों को भी रोड पर खड़ा होना पड़ता है, आए दिन छोटी मोटी घटनाएं होती रहती है, लेकिन सोमवार की सुबह हाइवा बैक करते वक्त सड़क पर खड़ा ग्राहक चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई,

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार को पंचमुखी महादेव का पंच महा नदियों के जल एवं पंचामृत से हुआ महा अभिषेक

**झांसी।** श्रावण मास समारोह महासमिति के तत्वाधान में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को महासमिति के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी के संयोजन में फूटा चोपड़ा स्थित श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में आचार्यों के मंत्रोच्चारण के साथ एवं वैदिक रुद्री पाठ द्वारा विधि विधान से पूजन कर विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा निरंजन ने पंचमुखी महादेव का सर्वप्रथम पंचमहा नदियों के शुद्ध जल एवं पंचामृत से महा अभिषेक किया। हर- हर महादेव बम- बम भोले के जयकारों से शिवालय गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात महादेव जी की आरती की गई जिला धर्माचार्य महंत विष्णु दत्त स्वामी ने कहा कि विपत्तियों का नाश भी शिव कृपा से ही संभव है, अभिषेक के द्वारा पापों का प्रायश्चित तथा श्रावण मास में सीधी धारा, दुग्ध धारा, सिद्ध धाराओं को जोड़कर शिव धाम चली जाती हैं, जो जन कल्याण कारक है। महा अभिषेक में महा समिति के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी ,कालीचरण जारोलिया ,बंटी दुबे, महेश पांडे, मयंक श्रीवास्तव, विनोद अग्रवाल, राजकुमार अमरिया, पिंटू माली, सुभाष चौरसिया, ममता साहू, संध्या त्रिपाठी ,अर्चना सिंह ,गंगा पार आदि उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरित किया गया।

# मध्य प्रदेश के 3 नगर निगम में कांग्रेस की जीत से पार्टी के नेता गदगद

**झाँसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक बैठक राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट पूर्व झाँसी मण्डल प्रवक्ता एवम भगवान दास कोरी जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी एवं पार्षद अरविन्द बबलू के विशिष्ट आतिथ्य मे सम्पन्न हुई,बैठक मे हाल ही मे मध्य प्रदेश के पंचायत चुनावौ मे कांग्रेस पार्टी की जीत से कांग्रेस नेताऔ एवम् कार्यकर्ता के हौसले बुलंद है,नगरनिगम के चुनाव मे ग्वालियर मे 57

साल बाद और जबलपुर मे 23 सालबाद और छिंदवाड़ा मे मेयर प्रत्याशी के विजयी होने से कांग्रेस नेताऔ और कार्यकर्ताऔ मे उत्साह का माहोल है,आगामी चुनावौ मे कांग्रेस पार्टी को इसका लाभ मिलेगा,

बैठक मे उपस्थित पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बीजेडी अरविन्द रावत,केशब सिह मुन्ना परीक्षा,इम्तियाज हुसैन, डा0बिजय भारद्वाज,सुनील तिवारी,

अनिल बट्टा,पार्षद बिकाश खत्री, पार्षद,पूर्व पार्षद हेमन्त रावत,पार्षद सुलेमान अहमद मंसूरी,रशीद कुरैशी,दुली चन्द कुशवाहा,सुनील पटेल एडवोकेट,अनिल ओझा,बन्टी शर्मा नगरा,किशन करौसिया,नरेन्द्र जतारिया सहित उपस्थित कांग्रेस नेताऔ ने मध्य प्रदेश के पंचायत चुनावौ मे कांग्रेस पार्टी की जीत होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी,राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी,पूर्व मुख्य मंत्री मध्य प्रदेश कमल नाथ,पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह कोबधाई देते हुए कहा कि यह कांगेस पार्टी की नीतियौ,मध्य प्रदेश के नेताऔ और कार्यकर्ताऔ की मेहनत का परिणाम है कि ग्वालियर संभाग मे दो दो केन्द्रीय मंत्री होने के बावजूद भा0ज0पा0 प्रत्याशी हार गये,संचालन हंरवश लाल ने किया,

# दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, दस किलो गांजा बरामद

**झाँसी।** रेल सुरक्षा बल, रेलवे पुलिस और डिटेक्टिव विंग की टीम ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को दबोच लिया। इनके पास से दस किलो गांजा बरामद किया। गिरफ्तार किए गए तस्करों को अदालत में पेश किया। वहां से उनको जेल भेजा गया। रेल सुरक्षा बल के मंडल सुरक्षा आयुक्त आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक रेलवे मोहम्मद इमरान के निर्देशन में टीमें गांजा तस्करी की रोकथाम हेतु वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिली कि प्लेटफार्म नंबर4/ 5 के पास दो तस्कर खड़े हैं। सूचना पर गई टीमों ने दोनों को मय पिट्ठू बैग समेत दबोच लिया। थाना लाकर उनसे गहराई से पूछताछ की। रेलवे पुलिस के मुताबिक हमीरपुर के मौदहा के ग्राम परछ निवासी राजेश परिहार और कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताँछ करने पर अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि उन्होंने यह गांजा टिटला उड़ीसा से लेकर महोबा मुनासिव धन में बेचने जा रहा थे । गांजा देने वाले व्यक्ति के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है ट्रेन में चैकिंग से पकड़े जाने के डर से वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर उतर गया था परन्तु स्टेशन पर ही पकडा गया। इनके पास से दस किलो गांजा बरामद किया। इसकी कीमत एक लाख रुपया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव, मुख्य आरक्षी उमेश यादव, आरक्षी अब्दुल आरिफ, हेमंत कुमार,डिटेक्टिव विंग के मुख्य आरक्षी उमेश कुमार, विजय बहादुर सिंह, जीआरपी के उपनिरीक्षक संजीव कुमार दीक्षित, मुख्य आरक्षी माजिद खान व आरक्षी मुकेश यादव शामिल रहे है।

जन-जन जागरण

हिन्दी दैनिक जन-जन जागरण झांसी को कार्यक्रमों की सूचना, फोटो व प्रेस विज्ञप्ति भेजने के लिए सम्पर्क करें।

वाट्सएप नम्बर- 94155 90883 करें

ईमेलः

namdevn07@gmail.com

janjanjagranjhsup@gmail.com

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, जय कुमार सिंह द्वारा मेसर्स श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 137, 138, 139, सेक्टर-आई,स्पेशल इंडस्ट्रीयल एरिया गोविंदपुरा-462023 भोपाल , म.प्र. से मुद्रित एवं 815, आयोध्यापुरी कॉलोनी, भानी देवी गोयल इन्टर कॉलेज के पीछे, बालाजी रोड, झाँसी से प्रकाशित। **स्थानीय संपादकः रिपुसूदन नामदेव।** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 0510-24444494 फैक्स-24444494, भोपाल फोनः 0755-4009939, फैक्सः- 4273629, आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946